वर्ष -09, अंक -310, पृष्ठ- 8 मूल्य : 02 रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , शनिवार, 24 फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### 'युवाओं को भड़का रही भाजपा'

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**बेंगलुरु।** कर्नाटक में 10 लाख से अधिक की आय पर अब मंदिरों को भी टैक्स देना होगा। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने इस संबंध में विधानसभा में कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 पारित कर दिया है। वहीं, विधेयक के पारित होने के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर नया विवाद शुरू हो गया है।कर्नाटक में 10 लाख से अधिक की आय पर अब मंदिरों को भी टैक्स देना होगा। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने इस संबंध में विधानसभा में कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती (संशोधन) विधेयक 2024 पारित कर दिया है। अब इस मामले पर सीएम सिद्दरमैया का बयान सामने आया है। उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि इस मामले को गलत तरीके से पेश किया गया हैभाजपा ने इसे हिंदू विरोधी कदम बताते हुए सिद्दरमैया सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा का कहना है कि राज्य की कांग्रेस सरकार हिंदू विरोधी नीतियां अपनाकर मंदिरों के पैसे से अपना खजाना भरना चाहती है। वहीं, अब इस मामले पर सीएम सिद्दरमैया का बयान सामने आया है। उन्होंने भाजपा पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि इस मामले को गलत तरीके से पेश किया गया है।सीएम सिद्दरमैया ने भाजपा पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए सांप्रदायिक आधार पर लोगों का ध्रुवीकरण करना चाह रही है। उन्होंने भाजपा पर देश के युवाओं को भड़काने और राजनीतिक लाभ उठाने का भी आरोप लगाया। उधर, भाजपा ने इसे हिंदू विरोधी कदम बताते हुए सिद्दरमैया सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा का कहना है कि राज्य की कांग्रेस सरकार हिंदू विरोधी नीतियां अपनाकर मंदिरों के पैसे से अपना खजाना भरना चाहती है। इस विधेयक में प्रविधान है कि कर्नाटक में एक करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाले मंदिरों से 10 प्रतिशत टैक्स वसूला जाएगा।

## पीएम ने महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी के निधन पर व्यक्त किया शोक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी के निधन पर दुख व्यक्त किया और विभिन्न



पदों पर उनके योगदान को याद किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर जोशी के निधन पर दुख व्यक्त किया और विभिन्न पदों पर उनके योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा एक विधायक के रूप में भी उन्हें उनके परिश्रम के लिए याद किया जाएगा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी मनोहर जोशी की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।प्रधानमंत्री ने कहा, एक विधायक के रूप में भी उन्हें उनके परिश्रम के लिए याद किया जाएगा।मोदी ने एक्स पर लिखा, वह एक अनुभवी नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक सेवा में वर्षों बिताए और नगरपालिका, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य की प्रगति के लिए अथक प्रयास किया। केंद्रीय मंत्री के रूप में भी उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया।मोदी ने कहा, लोकसभा अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान जोशी ने संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक जीवंत और सहभागी बनाने का प्रयास किया।उन्होंने कहा, मनोहर जोशी जी को एक विधायक के रूप में उनके परिश्रम के लिए भी याद किया जाएगा।

## कोझिकोड में सीपीआई नेता की हत्या, पड़ोसी ने कुल्हाड़ी से हमला कर उतारा मौत के घाट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**कोझिकोड।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के एक स्थानीय नेता, पीवी सत्यनाथन की केरल के कोझिकोड जिले के कोयीलांडी में एक मंदिर उत्सव के दौरान हत्या कर दी गई।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के एक स्थानीय नेता पीवी सत्यनाथन की कुल्हाड़ी मारकर एक मंदिर में हत्या कर दी गई है। फिलहाल इस मामले में अन्य जानकारी की प्रतीक्षा है। यह घटना गुरुवार रात चेरियापुरम मंदिर में एक उत्सव के दौरान हुई है। पीवी सत्यनाथन की हत्या के विरोध में आज कोयीलांडी में बंद की घोषणा कर दी गई है।समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, यह घटना गुरुवार रात चेरापुरम मंदिर में एक उत्सव के दौरान हुई। के जिला सचिव पी मोहनन ने दावा किया कि सत्यनाथनपर कुल्हाड़ी से हमला किया गया था। नेता की हत्या के विरोध में आज कोयीलांडी में बंद की घोषणा की गई है।पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि सीपीआई (एम) नेता की उसके पड़ोसी ने ही हत्या की है। गुरुवार रात करीब 10.30 बजे अभिलाष (35) ने धारदार हथियार से हमला किया था।शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या आपसी रंजिश के कारण हुई है। फिलहाल, आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 सहित विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## दुनिया के सबसे लंबे शख्स से मिली सबसे छोटी महिला ज्योति आम्गे


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे लंबे आदमी सुल्तान कोसेन और दुनिया की सबसे छोटी महिला ज्योति आम्गे ने एक बार फिर छह साल बाद एक-दूसरे से मुलाकात की।



गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करा चुके दोनों शख्स इस बार संयुक्त राज्य अमेरिका में मिले।दुनिया के सबसे लंबे शख्स तुर्किये के सुल्तान कोसेन (41) ने मंगलवार को दुनिया की सबसे छोटे कद की महिला भारत की ज्योति अमागे (30) से मुलाकात की। सुल्तान की हाइट 8 फीट 2.8 इंच है वहीं ज्योति की लंबाई 2 फीट 7 इंच है। इस बार दोनों से संयुक्त राज्य अमेरिका में मुलाकात की इससे पहले दोनों 2018 में मिले थे।ज्योति आम्गे ने अपनी इस मुलाकात की वीडियो और तस्वीरें अपनी सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। उन दोनों ने 19 फरवरी को कैलिफोर्निया के इरविन में एक साथ नाश्ता भी किया और कुछ तस्वीरें भी ली।शेयर की गई तस्वीरों और वीडियो में दोनों ही काफी मस्ती भरे अंदाज में नजर आ रहे हैं। बता दें कि दोनों की लंबाई में लगभग छह फुट से ज्यादा का अंतर है। इससे पहले दोनों की मुलाकात साल 2018 में हुई थी। वे पहली बार मिस्र में एक फोटोशूट के दौरान मिले थे।

## गन्ने की राजनीति तय करेगी एक चौथाई संसदीय सीटों का भविष्य

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने गन्ने के लाभकारी मूल्य में 25 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि कर लोकसभा की लगभग एक चौथाई सीटों को साधने का प्रयास किया है।किसान आंदोलन के बीच केंद्र सरकार ने गन्ने के लाभकारी मूल्य में 25 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि कर लोकसभा की लगभग एक चौथाई सीटों को साधने का प्रयास किया है । गन्ना उत्पादक तीन बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में



लोकसभा की कुल 156 सीटें हैं जिनमें से भाजपा ने पिछली बार 110 सीटें जीती थीं ।गन्ना उत्पादक तीन बड़े राज्यों उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में लोकसभा की कुल 156 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा ने पिछली बार 110 सीटें जीती थीं। इनमें पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 62, महाराष्ट्र की 48 में से 23 एवं कर्नाटक की 28 में से 25 सीटें जीती थीं।

## विजयवाड़ा के पास टला बड़ा रेल हादसा, मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतरे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के पास रायनपाडु में एक बड़ा रेल हादसा टल गया। दरअसल, मंदरूपकर रेलवे स्टेशन



के जनसंपर्क अधिकारी का कहना है कि यहां एक मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गए।मंदरूपकर रेलवे स्टेशन के जनसंपर्क अधिकारी का कहना है कि आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के पास रायनपाडु में एक मालगाड़ी के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में किसी तरह के हताहत की कोई जानकारी नहीं हैं। हालांकि हादसे के तुरंत बाद ही बचाव टीम मौके पर पहुंची और मालगाड़ी को पटरी पर लाने की कोशिश करती नजर आई थी।हालांकि, इस घटना में किसी तरह की कोई हताहत नहीं हुई है और सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। रेलवे अधिकारी फिलहाल पटरी से उतरने के कारणों की जांच कर रहे हैं और हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं। पीआरओ ने कहा कि कई ट्रेनों का मार्ग बदला गया है, जिससे उनके शेड्यूल में देरी हुई है। अधिकारी ने कहा, ठअधिकारी स्थिति को सुलझाने और रेल सेवाओं की सुचारू बहाली सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।गुरुवार को ओडिशा के ढेंकनाल जिले के जोरांडा रोड रेलवे स्टेशन पर गोबिंदपुर के पास एक ट्रेन के इंजन में भीषण आग लग गई। दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और आग पर काबू पा लिया गया।

## विधायक लस्या नंदिता की सड़क हादसे में गई जान, डिवाइडर से टकराई थी कार


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**तेलंगाना।** सिकंदराबाद छावनी से बीआरएस विधायक लस्या नंदिता की आज सुबह पाटनचेरु ओआरआर में एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उनकी कार एक डिवाइडर से टकरा गई।सिकंदराबाद छावनी



से बीआरएस विधायक लस्या नंदिता की आज सुबह पाटनचेरु ओआरआर में एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार उनकी कार एक डिवाइडर से टकरा गई। बीआरएस प्रमुख के.चंद्रशेखर राव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मामले को लेकर अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने ट्वीट किया कैंटोनमेंट विधायक लस्या नंदिता की असामयिक मृत्यु से मुझे गहरा सदमा लगा।भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह हैदराबाद के पास एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। वह 33 वर्ष की थीं। दुर्घटना उस समय हुई जब वह जिस कार में यात्रा कर रही थी वह पाटनचेरु के पास आउटर रिंग रोड (ओआरआर) पर एक सड़क डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में विधायक का ड्राइवर घायल हो गया।लस्या नंदिता हाल के चुनावों में सिकंदराबाद छावनी निर्वाचन क्षेत्र से चुनी गईं। उनके पिता और सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार के विधायक जी. सयाना का 19 फरवरी, 2023 को बीमारी के कारण निधन हो गया था। उनकी तीन बेटियाँ बची थीं। बीआरएस ने 30 नवंबर के विधानसभा चुनाव में उनकी सबसे बड़ी बेटी लस्या नंदिता को मैदान में उतारा था।विधायक 13 फरवरी को नारकेटपल्ली में एक सड़क दुर्घटना में भी बाल-बाल बच गईं थीं, जब वह बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की सार्वजनिक बैठक में भाग लेने के लिए नलगोंडा जा रही थीं। हादसे में एक होम गार्ड की मौत हो गई थी।बीआरएस प्रमुख के.चंद्रशेखर राव ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मामले को लेकर अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## शिक्षक से मुख्यमंत्री और फिर लोकसभा स्पीकर ऐसा रहा मनोहर जोशी का राजनीतिक सफर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना के दिग्गज नेता मनोहर जोशी का आज निधन हो गया है। जोशी को बीते दिन दिल का दौरा पड़ने के बाद हिंदुजा




अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम मनोहर जोशी का आज दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। शुरुआती जीवन में जोशी आरएसएस से जुड़े थे फिर शिवसेना की 1966 में स्थापना के बाद वो उससे जुड़ गए। मनोहर जोशी शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के काफी करीबी थे। उन्होंने टीचर से लोकसभा स्पीकर बनने तक का सफर तय किया था आइए जानते हैं उनके बारे में...पूर्व सीएम को पिछले साल भी ब्रेन हैमरेज के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जोशी के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान पर दोपहर दो बजे तक आखिरी दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अंतिम संस्कार दादर श्मशान भूमि में होगा। मनोहर जोशी एक टीचर थे। शुरुआती जीवन में जोशी आरएसएस से जुड़े थे, फिर शिवसेना की 1966 में स्थापना के बाद वो उससे जुड़ गए और उसी पार्टी से सीएम से लेकर लोकसभा स्पीकर तक बने।

## इसरो को मिली एक और सफलता

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और सफलता प्राप्त करते हुए मौसम संबंधी उपग्रह इनसेट-3डीएस को भू-स्थिर कक्षा में पहुंचा दिया। इसरो ने गुरुवार को कहा एक्स पर पोस्ट किया, मिशन के सभी चार लिक्विड अपोजी मोटर (एलएएम) फायरिंग पूरे हो गए हैं। इनसेट-3डीएस के 28 फरवरी तक इन-आर्बिट टेस्टिंग (आइओटी) पर पहुंचने की उम्मीद है।इनसेट का मतलब इंडियन नेशनल सेटेलाइट सिस्टम है। मिशन का उद्देश्य इनसेट-3 डी और इनसेट-3 डीआर (सितंबर 2016 में लांच) को उन्नत मौसम संबंधी डाटा भूमि और महासागर सतहों की निगरानी मौसम पूर्वानुमान और आपदा चेतावनी के लिए सेवाओं की निरंतरता प्रदान करना है। इस मिशन की अवधि लगभग 10 वर्ष होने की उम्मीद है। इनसेट-3डीएस के 28 फरवरी तक इन-आर्बिट टेस्टिंग (आइओटी) पर पहुंचने की उम्मीद है।

## बीजेपी में शामिल होने की अटकलों के बीच कमलनाथ का एमपी की जनता के नाम संदेश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस नेता कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच मध्यप्रदेश की जनता के नाम एक संदेश जारी



किया है। कमलनाथ ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी का नाम लेकर जनता से एक अपील की है कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच मध्यप्रदेश की जनता के नाम एक संदेश जारी किया है। कमलनाथ ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया है जिसमें उन्होंने राहुल गांधी का नाम लेकर जनता से एक अपील की है। कमलनाथ ने राज्य की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एक अपील की है।कमलनाथ ने अपने पोस्ट में राज्य की जनता से राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में हो रहे अन्याय, अत्याचार और शोषण के खिलाफ राहुल गांधी सड़कों पर उतरे हुए हैं और अब उनका साथ देने का समय है। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलें लगी थीं। संभावना जताई गई थी कि वो अपने बेटे नकुलनाथ और कुछ विधायकों के साथ भाजपा में जा सकते हैं। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया था और कहा था कि वो हमेशा कांग्रेस के ही रहेंगे।

## इनकम टैक्स की कार्रवाई पर भाजपा की नसीहत भड़की कांग्रेस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** कांग्रेस के बकाया वसूली के लिए आयकर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर प्रश्न




उठाए जाने को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखे आरोप लगाए हैं। भाजपा ने कहा कि आयकर विभाग की जिस कार्रवाई को कांग्रेस 'फाइनेंशियल टेरेरिज्म' कह रही है, वह कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई कार्रवाई है। कांग्रेस का शाही परिवार खुद को संविधान, कानून और नियमों से ऊपर मानता है।कांग्रेस के बकाया वसूली के लिए आयकर विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर प्रश्न उठाए जाने को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखे आरोप लगाए हैं। भाजपा ने कहा कि आयकर विभाग की जिस कार्रवाई को कांग्रेस फाइनेंशियल टेरेरिज्म कह रही है वह कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई कार्रवाई है। कांग्रेस का शाही परिवार खुद को संविधान कानून और नियमों से ऊपर मानता है।वहीं, इस घटनाक्रम को कांग्रेस को चुनाव में पंगु बनाने के षड्यंत्र से जोड़ने पर भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस अपने सांसद धीरज साहू से पैसे ले ले।

## पीएम मोदी वाराणसी में करेंगे जनसभा किसान संगठन आज मनाएंगे काला दिवस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार रात 10 बजे वाराणसी पहुंचे। वे शुक्रवार को अपने संसदीय




क्षेत्र में तीन जनसभा करेंगे। काशी हिंदू विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता भवन में विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान मेधावियों व शिक्षकों, संत रविदास मंदिर में पंजाब व अन्य प्रदेशों से आए दर्शनार्थियों व करखियांव एग्रो पार्क में पूर्वांचल की जनता को संबोधित करेंगे।किसान संगठनों ने आज 23 फरवरी को काला दिवस मनाने का फैसला किया है। इस दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंके जाएंगे। वहीं, संयुक्त किसान मोर्चा 26 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च निकालेगा इस दिन का पुतला भी फूंका जाएगा।में पढ़िए वो खबरें जिस पर आज रहेगी देश-दुनिया की नजरें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार रात 10 बजे वाराणसी पहुंचे। वे शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र में तीन जनसभा करेंगे। वहीं किसान संगठनों ने आज 23 फरवरी को काला दिवस मनाने का फैसला किया है। यहां एक नजर में पढ़िए आज देश और दुनिया में क्या- क्या हैं बड़े इवेंट्स।दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सहित उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों पर अगले सप्ताह एक और पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार के बाद दिल्ली में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। हरियाणा और पंजाब में ज्यादा असर दिखाई दे सकता है। इसके चलते दिन के तापमान में अभी बहुत तेजी से इजाफा नहीं होगा।शंभू बार्डर पर 10वें दिन स्थिति सामान्य जरूर रही, लेकिन इससे पहले नौ दिन किसान संगठनों ने दिल्ली कूच को लेकर बैरिकेड्स को तोड़ने के लगातार प्रयास किए। उपद्रवियों ने सरकारी व निजी संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचाया। अब हरियाणा पुलिस नुकसान का आंकलन करवा रही है, जिससे इसकी भरपाई प्रदर्शनकारियों से की जा सके।

डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com – E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

## महाकुंभ-२०२५ को दिव्य एवं भव्य बनाने हेतु मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने त्र्ण् के जरिए शीर्ष समिति की सप्तम बैठक की

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 को



दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मा0 मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई जिसमें लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं को अनुमोदन मिला। इसमें प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 05, नगर निगम की 02, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम की 01, उ0प्र0 पावर का0 लि0 की 02, लो0नि0वि0 की 04 तथा प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 02 परियोजनायें सम्मिलित हैं। उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत बेगम बाजार से भगवतपुर मार्ग तक एयरपोर्ट के समीप अर्द्धनिर्मित 02 लेन उपरिगामी सेतु को पूर्ण

## यूपीपीएससी और अभ्यर्थियों के बीच बढ़ा टकराव आयोग के सामने सड़क पर बैठे हजारों प्रतियोगी छात्र


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए हजारों छात्र आयोग के गेट पर बैठ गए हैं। इससे प्रयागराज लखनऊ मार्ग पर आवागमन अवरुद्ध हो गया है। उग्र छात्रों की भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दी गई है। छात्र परीक्षा को निरस्त कर नई तिथि घोषित करने की मांग पर अड़े हैं। आरओ-एआरओ भर्ती परीक्षा में धांधली और पेपर लीक मामले को लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) गेट पर प्रदर्शन किया। हजारों की संख्या में छात्र



आयोग के गेट के सामने मुख्य सड़क पर बैठ गए हैं। इसके चलते आवागमन बाधित हो गया है। मौके पर बड़ी संख्या में फोर्स बुला ली गई है। अभ्यर्थी परीक्षा को निरस्त कर फिर से परीक्षा कराने की मांग पर अड़े हैं।समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है।

## भारी वाहनों के लिए जिले में आज से नो इंट्री, तीन दिनों के लिए आदेश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** इस अवधि में पासधारक भारी कॉमर्शियल वाहन भी शहर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। गैर जिलों से आने वाले कॉमर्शियल वाहनों का रामपुर चौराहा, सोरांव बाईपास, घूरपुर थाना गेट, मलाक हरहर तिराहा, मंदर मोड़ धूमनगंज, सहसों चौराहा, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा, हबूसा मोड़, नवाबगंज बाईपास, लेप्रोसी तिराहा, फाफामऊ, अंदावा चौराहे पर रूट डायवर्जन किया जाएगा।माघ मेले के पांचवें मुख्य स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के मद्देनजर जिले में भारी वाहनों के लिए नो इंट्री लागू कर दी गई है। यह व्यवस्था 23 से शुरू होकर 25 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। सुबह पांच बजे से जनपद में भारी वाहनों के लिए नो इंट्री लागू हो जाएगी। थाना गेट, मलाक हरहर तिराहा, मंदर मोड़ धूमनगंज, सहसों



इस अवधि में पासधारक भारी कॉमर्शियल वाहन भी शहर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। गैर जिलों से आने वाले कॉमर्शियल वाहनों का रामपुर चौराहा, सोरांव बाईपास, घूरपुर चौराहा, ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा, हबूसा मोड़, नवाबगंज बाईपास, लेप्रोसी तिराहा, फाफामऊ, अंदावा चौराहे पर रूट डायवर्जन किया जाएगा।

## लाभार्थियों से घर-घर जाकर संपर्क करें पार्टी पदाधिकारी-प्रकाश प्रचंड

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** भाजपा की मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मूल मंत्र को लेकर हर वर्ग का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश आज विकास घर-घर बिजली, भ्रष्टाचार मुक्त एक उत्तम प्रदेश बनाया जहां पर आज नारियों का सम्मान होता है। कार्यकर्ताओं को वरिष्ठ भाजपा नेता आचार्य हरिकृष्ण शुक्ला व मंडल प्रभारी राजू सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की



के उच्च शिखर पर है। उक्त बातें भाजपा जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड ने कही आगे उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी लाभार्थियों से हर घर जाकर संपर्क करें और भाजपा की नीति रीति से उनको जोड़ें।कार्यक्रम में उपस्थित जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की सरकार आने के पहले प्रदेश में फैली अराजकता को भाजपा की योगी सरकार ने खत्म किया है, गुंडे माफियाओं का खात्मा किया, बेघरों को घर, खुशहाल किसान, हर घर नल, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला ने किया व संचालन महामंत्री भूपेंद्र पाठक में कार्यक्रम में आए हुए सभी कार्यकर्ताओं व अतिथियों का मंडल महामंत्री नीरज केसरवानी स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा बाबू पाठक, एस के तिवारी, अशोक तिवारी, अवध बिहारी मिश्रा, बच्चा मालवीय, निधिश पाठक, राहुल पाल, राकेश पाठक, बजरंग बहादुर, सत्तन निषाद, प्रवीण मालवीय मौजूद रहें।

## इलाहाबाद विवि का पूर्व छात्रसंघ महामंत्री छह माह के लिए जिला बदर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** अभिषेक सिंह माइकल करने का आदेश दिया।अभिषेक सिंह माइकल मूलरूप से बिहार के



मूलरूप से बिहार के कैमूर जिले में भभुआं, सिकरी का रहने वाला है। वर्तमान पता उसका सलोरी है। उसके खिलाफ मारपीट, धमकी, जानलेवा हमला समेत कुल 18 मुक़दमें दर्ज हैं। माइकल को छात्रनेता अभिषेक सिंह सोनू पर जानलेवा हमले के मामले में दस साल की सजा सुनाई गई थी। वह हाईकोर्ट से जमानत छूटा है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री अभिषेक सिंह उर्फ माइकल को पुलिस आयुक्त कोर्ट ने गुंडा एक्ट मामले में जिला बदर कर दिया गया है। पूर्व में माइकल पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया गया था। उधर बृहस्पतिवार को कमिश्नर कोर्ट में लंबी सुनवाई के बाद छह माह के लिए माइकल को जिला बदर कैमूर जिले में भभुआं, सिकरी का रहने वाला है। वर्तमान पता उसका सलोरी है। उसके खिलाफ मारपीट, धमकी, जानलेवा हमला समेत कुल 18 मुक़दमें दर्ज हैं। माइकल को छात्रनेता अभिषेक सिंह सोनू पर जानलेवा हमले के मामले में दस साल की सजा सुनाई गई थी। वह हाईकोर्ट से जमानत छुटा है।2012 के छात्रसंघ चुनाव में अभिषेक सिंह सोनू अध्यक्ष पद और अभिषेक सिंह माइकल महामंत्री पद पर चुनाव लड़ रहे थे। उसी समय चुनाव प्रचार के लिए दोनों पार्टी के लोग लल्ला चुंगी पर होर्डिंग लगा रहे थे। होर्डिंग लगाने को लेकर दोनों के पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। उसके बाद लड़ाई शुरू हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि अभिषेक सिंह सोनू पर फायरिंग दी।

## समीक्षा के आधार पर आगे नहीं बढ़ाई जा सकती रासुका की अवधि

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** कोर्ट ने कहा, याची की हिरासत की अवधि तीन महीने के लिए थी। इसके बाद हिरासत की की हिरासत की अवधि को बढ़ाने के लिए नया आदेश पारित करना आवश्यक है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनीश



अवधि समीक्षा के आधार पर बढ़ाई गई, लेकिन नया आदेश पारित नहीं किया गया। लिहाजा, याची किसी अन्य मामले में हिरासत में न हो तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम-1980 की धारा 12 (1) के तहत राज्य सरकार हिरासत की अवधि को समीक्षा के आधार आगे नहीं बढ़ा सकती है। किसी भी आरोपी कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने कानपुर के याची मोहम्मद असीम उर्फ पप्पू स्मार्ट तथा अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।कोर्ट ने कहा, याची की हिरासत की अवधि तीन महीने के लिए थी। इसके बाद हिरासत की अवधि समीक्षा के आधार पर बढ़ाई गई, लेकिन नया आदेश पारित नहीं किया गया। लिहाजा, याची किसी अन्य मामले में हिरासत में न हो तो उसे तुरंत रिहा किया जाए।

## पास होने के बाद भी लड्डू गोपाल को हाईकोर्ट में प्रवेश से रोका

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर जी ने बताया कि हाईकोर्ट में प्रवेश के लिए लड्डू गोपाल का पास केशव देव भगवान जबकि, लड्डू गोपाल का पास जारी किया गया था।कथावाचक कौशल किशोर ठाकुर जी ने बताया कि हाईकोर्ट में प्रवेश के लिए लड्डू गोपाल का पास केशव देव भगवान



के नाम से बनवाया गया था। पास में उनकी आयु शून्य वर्ष है और पूरा पता भी लिखा गया है। अब तक चार बार न्यायालय में भगवान लड्डू गोपाल उपस्थित हो चुके हैं।श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई के दौरान बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट पहुंचे लड्डू गोपाल को सुरक्षाकर्मियों ने गेट पर ही रोक दिया। इससे लड्डू गोपाल भीतर नहीं प्रवेश कर सके। वह न्याय की आस में न्यायालय पहुंचे थे। इस दौरान हाईकोर्ट के प्रवेश द्वार 3-ए पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें प्रवेश करने से रोक दिया। के नाम से बनवाया गया था। पास में उनकी आयु शून्य वर्ष है और पूरा पता भी लिखा गया है। अब तक चार बार न्यायालय में भगवान लड्डू गोपाल उपस्थित हो चुके हैं। उन्हें कभी रोका नहीं गया। इस बार रोक दिया गया।यह बड़ा दुखद है कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं अपने केस के वादी हैं। इसके बाद भी वादी पक्षकार को अंदर जाने से रोका गया। उन्होंने बताया कि वाद संख्या 07 के मुख्य पक्षकार लड्डू गोपाल हैं, जिनके प्रतिनिधि हम हैं। प्रोटोकॉल अधिकारी को शुक्रवार को प्रार्थना पत्र देकर लड्डू गोपाल के प्रवेश की अनुमति फिर मांगी जाएगी।

आधुनिक
गेस्ट हाउस
- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)





CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

# मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्राप्त रैकिंग के अनुसार जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 22 फरवरी 2024- जिलाधिकारी प्रियंका निंरजन ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर एवं करेत्तर, मुख्य देय, राजस्व वादो के निस्तारण से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्राप्त रैकिंग के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सी0और डी0 रैकिंग प्राप्त करने वाले कई विभागो के अधिकारियों को शो-काज नोटिस जारी करने का नर्दिश देते हुये कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि तीन दिवस के अन्दर माह फरवरी में मासिक लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चत कराये ताकि अगले माह आने वाले मुख्यमंत्री डैशबोर्ड अच्छी रैकिंग प्राप्त हो सकें। समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान 53 रैंक तथा विकास प्राधिकरण, 45 रैंक प्राप्त करने पर जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रवर्तन कार्य में अभियान चलाकर प्रगति लाये। इसी प्रकार विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को प्राप्त आवेदन पत्रो के लम्बित प्रार्थना पत्रो को तीन




दिवस के अन्दर निस्तारण कर पोर्टल पर दर्ज कराने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार प्राधिकरण में समन मानचित्र में 14 आवेदन लम्बित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये 28 फरवरी तक शत प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। बैठक में पेट्रोल पम्पो का सत्यापन, मा0 मुख्यमंत्री कृषक दुघर्टना सहायता योजना, औषधि वितरण, आपूर्ति, धान खरीद योजना, पी0एम0आवास शहरी आदि को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने का निर्देश दिया जबकि औषधि विक्रय, कृषि पट्टा आवंटन, आय/जाति प्रमाण पत्र की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। वाणिज्य कर (जी0एस0टी0) में प्रवर्तन कार्य बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दियागया।

## मन्दिर परिसर में पान, गुटका खाकर थूकने वालो पर करे कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 22 फरवरी 2024- मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विन्ध्यावसिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में निर्माणाधीन विन्ध्य कारीडोर प्रगति कार्य का किया निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बार बार चेतावनी के पश्चात भी दुकानदारों द्वारा नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर दुकान लगाए जाने को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनपर दंडात्मक करवाई का निर्देश दिया, तो वही मण्डलायुक्त ने कार्यदाई संस्था को कार्य में बिलंब के लिए कड़ी फटकार लगाई। कोतवाली मार्ग से पैदल निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी मानकीबाई ट्रस्ट की भूमि जिसपर आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण होना है उस भूमि पर एकत्रित कूड़ा तत्काल हटाने का निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गोवा लाल को किया। नालियों और सड़को पर पत्थर बिछाने का काम पूरा नहीं किए जाने पर कार्यदाई संस्था के ऊपर नाराजगी व्यक्त करते हुए अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। विद्युत विभाग को निर्देश देते हुए कहा की अपने कार्य को शीघ्र पूरा करें, जिससे पत्थर बिछाने के काम में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

## जनहानि से प्रभावित परिवारों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल प्रदान करें

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बारिश और ओलावृष्टि के दृष्टिगत संबंधित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नज़र रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। उन्होने आपदा से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को अनुमन्य राहत राशि अविलंब प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घरों को नुकसान पहुंचा अथवा पशु हानि हुई, ऐसे प्रभावितों को तत्काल अनुमन्य वित्तीय सहायता प्रदान की जाए।मुख्यमंत्री जी ने यह निर्देश भी दिए हैं कि फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाए ताकि इस संबंध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके।

## आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजनान्तर्गत मण्डल/जनपद स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण/कार्यशाला का किया गया आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 21 फरवरी 2024- आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजनान्तर्गत मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त सभागर, में कृषक उत्पादक संगठन संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक, मत्स्य, जिला उद्यान अधिकारी, क्षेत्रीय दुग्धशाला विकास अधिकारी, राष्ट्रीय बीज अनुसंधान, वाराणसी एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक भारतीय सब्जी अनुसंधान



(एफ0पी0ओ0) की कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु मण्डल/जनपद स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में, अपर आयुक्त एवं संयुक्त विकास आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ विश्राम, मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार, सोनभद्र सौरभ गंगवार एवं भदोही यशवंत कुमार, संयुक्त कृषि निदेशक, विन्ध्याचल मण्डल, के साथ-साथ मण्डल के जनपद स्तरीय अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संस्थान, वाराणसी, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, बीएचयू, बरकछा व मण्डल के जनपदों से लगभग 100 एफपीओ के प्रतिनिधियों (सी0ई0ओ0) के साथ-साथ कृषि विभाग के लगभग 100 कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला/प्रशिक्षण में मण्डलायुक्त द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में एफ0पी0ओ0 की महत्ता एवं कृषकों की आय में वृद्धि हेतु लघु एवं सीमान्त कृषकों एवं अन्य छोटे उत्पादकों को एक मंच पर लाकर व्यवसाय के रूप में स्थापित करने के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी।

## बच्चे के साथ कुकर्म के बाद हत्या

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गहमर (गाजीपुर)।** नौ वर्षीय बच्चे के साथ कुकर्म करने के बाद उसकी हत्या कर शव को बक्से में बंद करने के आरोपित संजय नट पुलिस मुठभेड़ में गुरुवार को गिरफ्तार हो गया। उसके पैर में गोली लगी है, जिसका उपचार मेडिकल कालेज के जिला अस्पताल में चल रहा है। उसके पास से एक तमंचा, चार कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। यूपी के गाजीपुर में नौ साल के बच्चे के साथ कुकर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। शव को बक्से में बंद करने के आरोपी संजय नट को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर ल?िया। उसके पैर में गोली लगी है जिसका उपचार मेडिकल कालेज के जिला अस्पताल में चल रहा है। उसके पास से एक तमंचा चार कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। सोमवार की देर शाम बच्चे को अगवा कर पड़ोसी संजय नट ने रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने शव को बोरे में रखकर बक्से में ताला बंद कर दिया था।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक सम्पन्न


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 21 फरवरी 2024- मण्डलायुक्त/अध्यक्ष मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 अध्यक्षता में प्राधिकरण बोर्ड की बैठक आयुक्त कार्यालय सभागार में आहूत की गयी। बैठ्क में जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष मीरजापुर विन्ध्याचल विकास प्राधिकरण प्रियंका निरंजन के अलावा सदस्य मालती त्रिपाठी, ओमकार नाथ, विजय शंकर, बबिता देवी एवं श्रीमती आरती उपस्थित उ बैठक में विगत अगस्त 2023 में हुयी बैठक की कार्यवृत्ति में कतिपय विचारणीय बिन्दुओ पर अनुपालन न होने पर मण्डलायुक्त द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन सुनिश्चित कराते हुये अवगत कराया जाय। आज की बैठक में प्राधिकरण बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु स्वीकृत बजट के सापेक्ष माह जनवरी 2024 तक प्राप्त आय एवं व्यय की स्थिति पर विचार एवं स्वीकृति, प्राधिकरण में वरिष्ठ लिपिक के सेवानिवृत्ति के पश्चात अगली तैनाती होने तक किसी



विभाग से कार्मिक सम्बद्ध करना, प्राधिकरण की वित्तीय वर्ष 2022-23 की चार्टर एकाउंटेट द्वारा आडिट बैलेंस शीट के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ, उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण सेवा के कार्मिको के लिये उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक, चिकित्सा परिचर्या नियमावली 2011 यथा संशोधित नियमावली 2014 को विकास प्राधिकरण मीरजापुर में अंगीकृत किये जाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में मा0 मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत नये शहरो के समग्र एवं समुचित विकास एवं प्राधिकरण क्षेत्र के अन्तर्गत नयी टाउनशिप योजना क्रियान्वयन पर चर्चा तथा मीरजापुर विन्ध्याचल विकास क्षेत्र के आस पास ग्रामो को सम्मिलित करते हुये प्राधिकरण की सीमा विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गयी।

## मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री ने नरायनपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर ऊपरगामी सेतु का किया शिलान्यास

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 22 फरवरी 2024- मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने नरायनपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर ऊपरगामी सेतु का शिलान्यास किया। मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री ने वाराणसी सिंगरौली एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन का प्रायोगिक ठहराव नारायनपुर बाजार स्टेशन पर शुरू हो गया। इस अवसर पर मा0 सांसद राज्यसभा राम सकल, मा0 विधायक छानबें श्रीमती रिंकी कोल भी उपस्थित रही।इस अवसर पर मा0 केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि आज नारायनपुर बाजार रेलवे स्टेशन पर दो महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि वाराणसी सिंगरौली इंटरसिटी का ठहराव आज से प्रारंभ हो गया है, जिससे यहां के जनमानस को ट्रेन को पकड़ने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस सेवा के अलावा दूसरे कार्य के तौर पर साढे पांच करोड़ की लागत से 80 मीटर की लंबा और 03 मीटर चैड़ा



ऊपरगामी सेतु का शिलान्यास हुआ है। इस सेतु के शुरू होने से प्लेटफार्म नंबर एक, दो एवं तीन के बीच यात्रियों को सुगमता पूर्वक आने-जाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों विकास परियोजनाएं जनपद की जनता को सुपुर्द करते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता महसूस हो रही है। उन्होंने कहा कि आगे भी स्टेशन पर नवीनीकरण के कार्य चलते रहेंगे, वर्षों पुरानी बिल्डिंग के ढांचे को समाप्त करके एक नया ढांचा व पूरा स्टेशन परिसर विकसित किया जाएगा और नए ढांचे पर जो कार्य है वह काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है और कुछ ही महीनो के अंदर पूरी तरह से एक नया नव्य भव्य स्टेशन नारायनपुर की जनता को मिलेगा।

## किसानों ने सरकार के खिलाफ ट्रैक्टर मार्च निकाला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** भारतीय किसान यूनियन जनपद मिर्जापुर के द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आज दिनांक 21/0 2/ 2024 दिन बुधवार को पटेल चौराहा भरूहना से ट्रैक्टर मार्च करते हुए भारत सरकार के खिलाफ किए गए वादा खिलाफी को लेकर प्रदर्शन करते हुए निम्न मांग करती है 1. मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखें, भोजन, दवाओं, कृषि-इनपुट और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाएं, पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में काफी कमी करें।2. वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों, खिलाड़ियों को रेलवे द्वारा कोविड के बहाने वापस ली गई रियायतें बहाल की जाएं।3. खाद्य सुरक्षा से कार्यान्वयन, वन (संरक्षण) अधिनियम, 2023 और जैव-विविधता अधिनियम और नियमों में संशोधन वापस लें जो केंद्र सरकार को निवासियों को सूचित किए बिना जंगल की निकासी की अनुमति देते हैं। जोतने वाले को भूमि सुनिश्चित करें। 7. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, सरकारी विभागों का निजीकरण बंद करें और राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) को खत्म करें। खनिजों और धातुओं के खनन पर मौजूदा कानून में संशोधन करें और स्थानीय समुदायों, विशेषकर आदिवासियों और किसानों के उत्थान के लिए कोयला खदानों सहित खदानों से लाभ का 50 प्रतिशत हिस्सा सुनिश्चित करें।8. बिजली (संशोधन) विधेयक, 2022 को वापस लें। कोई प्री-पेड स्मार्ट



की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाना।4. सभी के लिए मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी। नई शिक्षा नीति, 2020 को रद्द करें।5. सभी के लिए आवास सुनिश्चित करें।6. वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) का कड़ाई मीटर नहीं।9. काम के अधिकार को मौलिक बनाया जाये। स्वीकृत पदों को भरें और बेरोजगारों के लिए रोजगार पैदा करें। मनरेगा का विस्तार और कार्यान्वयन (प्रति वर्ष 200 दिन और 600 रुपये प्रति माह मजदूरी)। शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम बनायें।

## हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
।यूपी में 17 और 18 फरवरी को हुई सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए परीक्षा कराने की मांग की है। प्रदर्शनस्थल पर पीएसी समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।इसके पहले उप्र पुलिस भर्ती




हजारों अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया और दोबारा परीक्षा कराने की मांग की।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को हजारों अभ्यर्थियों ने लखनऊ के ईको गार्डेन में प्रदर्शन किया। उन्होंने भर्ती बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी करते हुए फिर से एवं प्रोन्नति बोर्ड ने लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के संबंध में अभ्यर्थियों से प्रमाण देने को कहा है। इस संबंध में अभ्यर्थी प्रमाणों एवं साक्ष्यों सहित अपना प्रत्यावेदन शुक्रवार शाम छह बजे तक बोर्ड की ई-मेल आईडी पर भेज सकते हैं, जिसका परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित मे दिए।

## मण्डलायुक्त व जिलाधिकारी ने स्टीमर से भ्रमण कर विन्ध्याचल से विसुन्दरपुर तक गंगा के किनारे व विभिन्न घाटो का किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।**मीरजापुर 22 फरवरी 2024- मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज विन्ध्याचल से विसुन्दरपुर तक नाव/स्टीमर से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ भ्रमण कर घाटो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर श्याम सुन्दर केसरी, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशासी अभियन्ता सिचाई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर गोवा लाल के साथ पक्काघाट विन्ध्याचल, दीवान घाट, कंतितघाट लल्लाघाट, रूक्खड़ घाट, बदलीघाट, सुन्दर घाट, नारघाट, पक्काघाट मीरजापुर, बरियाघाट, कचहरी घाट, फतहा घाट सहित विसुन्दरपुर तक गंगा के किनारे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गंगा के किनारे सटे हुये कतिपय बनाये जा रहे मकानो के विरूद्ध एन0जी0टी0 नियमावली के तहत नोटिस देने, कतिपय स्थानो पर कूड़ा आदि गंगा के किनारे फेके जाने पर रोक लगाने व सफाई कराने तथा गंगा के किनारे कटान व आने वाले नाला को रोकने हेतु नगर पालिका परिषद मीरजापुर व विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जहां-जहां गंगा का कटान हो रहा है जिससे नगर क्षतिगस्त होने की स्थिति में है उसका कटान को रोकने के लिये कार्य योजना बनाकर प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश सिचाई विभाग के अधिकारियों को देते हुये कहा कि भ्रमण के दौरान जहां-जहां कटान दिखाई पड़ रहा हैं वहां पर अलग से भ्रमण करते हुये तथा ड्रोन फोटोग्राफी कराते हुये प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय ताकि शासन से बजट की मांग की जा सकें। उन्होने विभिन्न घाटो के मरम्मत व उसके सुन्दरीकरण के भी निर्देश नगर पालिका के अधिकारियों को दिया।

## पूर्व मंत्री हरिशंकर तिवारी के घर तिवारी हाता पर ईडी का छापा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर।**गोरखपुर के धर्मशाला बाजार स्थित पूर्व मंत्री पंडित हरिशंकर तिवारी के घर पर ईडी का छापा। सुबह पांच बजे से छापेमारी चल रही है।दिल्ली और लखनऊ प्रवर्तन दल की टीम 5 गाड़ियों से आई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम सुबह पांच बजे से जिले में धर्मशाला बाजार स्थित पूर्व मंत्री पंडित हरिशंकर तिवारी के घर पर छापेमारी कर रही है। पूर्व मंत्री के बेटे विधायक विनय शंकर तिवारी पर प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग का



केस दर्ज किया हुआ है। नवंबर 2023 में ईडी ने गोरखपुर और महारागंज में तिवारी परिवार की 72 करोड़ की संपत्ति भी जब्त की थी।वहीं, सूत्रों ने बताया कि ईडी के लखनऊ जोन के अधिकारी गंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेड से संबंधित बैंक धोखाधड़ी के मामले में पीएमएलए की धारा 17 के तहत तलाशी लेने गोरखपुर घर पर पहुंचे हैं। कंपनी सड़कों के निर्माण, टोल प्लाजा के संचालन और सरकारी अनुबंधों में काम करती है। समूह के मुख्य प्रवर्तक विनय शंकर तिवारी, रीता, तिवारी और अजीत पांडे हैं। यह बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले बैंकों के एक संघ द्वारा लगभग 750 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी है। यह धोखाधड़ी 2012 से 2016 की अवधि से संबंधित है।

## पूज्य संत आसाराम बापू की अति शीघ्र कारागार से रिहाई को लेकर माघ मेले में संतों ने भरी हुकार

गौ गीता गंगा गायत्री संतो पर हो रहे अत्याचार पर सेक्टर 5 माघ मेला प्रयागराज में बुधवार को संत सम्मेलन व मातृ पितृ पूजन कार्यक्रम सनातन संस्कृति रक्षा दल द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरकार ने अयोध्या राम मंदिर काशी विश्वनाथ एवं धार्मिक मंदिरों के कायाकल्पों का विकास किया परंतु संतो के प्रति अपनी संवेदना रखनी होगी जिससे समाज की दिशा दशा परिवर्तन होगी। परशुराम अखाड़ा के अध्यक्ष



जगतगुरु शंकराचार्य त्रिकाल भवन्ता सरस्वती महाराज ने केंद्र सरकार से मांग की पूज्य श्री संत आसाराम बापू की अवस्था को देखते हुए उनकी अति शीघ्र कारागार गृह से रिहाई हो। उन्होंने गौ गीता गंगा गायत्री संतो हो रहे अत्याचार को लेकर कडा रुख अपनाया कहा कि भाजपा सुदर्शन महाराज ने अपना पूर्ण समर्थन दिया है। उन्होंने संत आसाराम बापू की रिहाई को लेकर केंद्र सरकार से मांग की है। विश्व हिंदू परिषद प्रचार प्रसार संत प्रमुख प्रतापपुर प्रखंड के आचार्य दिनेश आचार्य ने बापू के अति शीघ्र रिहाही की सरकार से मांग की है।

## मुख्यमंत्री ने नाइलिट के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर।**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसका संकल्प एक विकसित भारत है। विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश तथा विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित गोरखपुर आवश्यक है। गोरखपुर के विकास के लिए औद्योगिक निवेश आवश्यक है। आज गोरखपुर में यह कार्य लगातार हो रहा है। इस प्रकार का सफल वातावरण एक अच्छी नीयत वाली सरकार के परिणाम स्वरूप ही सामने आता है। यहां उद्योग व निवेश प्रोत्साहन के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, गीडा व जनप्रतिनिधि के साथ जनता भी बधाई के पात्र हैं, जो अपनी भूमि देकर उद्योगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी आज सेक्टर-13, गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में 1,040 करोड़ रुपये लागत की 20 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त रहे थे। इन विकास परियोजनाओं में 650 करोड़ रुपये लागत की गीडा के सेक्टर 11 में कालेसर आवासीय भूखण्ड परियोजना का शुभारम्भ, 90 करोड़ रुपये लागत की अन्य 18 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के साथ 300 करोड़ रुपये लागत की गीडा के सेक्टर-13 में प्लास्टिक रिसाइक्लिंग एवं फूड पैकेजिंग कंटेनर यूनिट का शिलान्यास भी सम्मिलित हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (नाइलिट) के छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री जी ने गोरखपुरवासियों को विकास परियोजनाओं की बधाई देते हुए कहा कि आज एक साथ गीडा में कई परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास का कार्य हो रहा है, जिसमें 650 करोड़ रुपये लागत की कालेसर आवासीय योजना का शुभारम्भ भी सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त गीडा से जुड़ी करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का भी लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है। एस0डी0 इण्टरनेशनल के 300 करोड़ रुपये के निवेश के भूमि पूजन का कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ है। गीडा द्वारा युवाओं को कौशल विकास हेतु नाइलिट में प्रशिक्षित युवाओं को प्रमाण पत्र भी दिया गया है।

## पीएम मोदी ने काशी की समृद्धि को बताया महादेव की कृपा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।**पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जहां महादेव क कृपा हो जाला, उ धरती अइसे ही समृद्ध हो जाला। उन्होंने काशी के समृद्धि को महादेव में काशी में चारों ओर विकास का डमरू बजा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज एक बार फिर काशी के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास होने भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक है। हमारे यहां कहा गया है कि 'भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा', अर्थात भारत की प्रतिष्ठा में संस्कृत की




की कृपा बताई। पीएम ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में काशी में विकास की गंगा बही है। अगले पांच साल में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी में जो कुछ भी हो रहा है हम सब उसके निमित्त मात्र हैं। यहां करने वाले केवल महादेव और उनके गण हैं। उन्होंने भोजपुरी में कहा, 'जहां महादेव क कृपा हो जाला उ धरती अइसे ही समृद्ध हो जाला।' प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय महादेव खूब प्रसन्न हैं, इसलिए महादेव के आशीष के साथ 10 साल जा रहा है। शिवरात्रि और रंगभरी एकादशी से पहले काशी में आज विकास का उत्सव मनने जा रहा है। ये बातें पीएम मोदी ने शुक्रवार को बीएचयू के स्वतंत्रता भवन समागार में आयोजित सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति। भारत एक यात्रा है तो संस्कृत उस इतिहास यात्रा का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की बड़ी भूमिका है। एक समय हमारे देश में संस्कृत ही वैज्ञानिक शोध, शास्त्रीय बोध, गणित और चिकित्साविज्ञान की भाषा होती थी। साथ ही संगीत और साहित्य के विविध कलाओं की विधाएं भी संस्कृत से ही पैदा हुई हैं। इन्हीं विधाओं से भारत को पहचान मिली है। जिन वेदों का पाठ काशी में होता है वही वेद पाठ कांची (तमिलनाडु) में भी सुनाई देता है। ये वेद ही भारत का शाश्वत स्वर हैं, जिन्होंने हजारों वर्ष से भारत को राष्ट्र के रूप में एक बनाए रखा है।

# नगर पंचायत के कार्यों पर उठे सवाल, कमीशन के चक्कर लगाया घटिया सामग्री

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**डाला सोनभद्र ।**नगर पंचायत में लगाया गया। जिन सामग्री को गीला व सूखा कूड़े के रखरखाव के नगर



घटिया सामग्री के उपयोग पर तरह-तरह की चर्चाएं उठने लगी। कही मानक तो कही गुणवक्ता का सवाल। जिम्मेदार कमीशन के चक्कर मे फुले नही समा रहे। वही चर्चाओं का बाजार नगर में गर्म है ।डाला बाजार में स्वच्छता ही सेवा के नाम पर घटिया सामग्री का खरीद करने में डाला बाजार नगर पंचायत एक कदम आगे रहा। वर्ष 2023 में चुनाव के बाद ठेकेदार व अधिशाषि अधिकारी की सनलिप्तता से ज्यादा सामग्री नगरपंचायत में घटिया के कई स्थानों पर कूड़ा बॉक्स लगाया वह 6 माह भी नही चल सका। सवालों के घेरे में घिरता नगरपंचायत आखं मीचोली में फुले नही समा रहा। और शुभचिंतक ठहाके लगा रहे। नगर में जहां - जहां स्वच्छता को ध्यान में रख कर कूड़ा बॉक्स लगाए गए वह या तो टूट कर बिखर गए या टूट कर बिखर रहे है। स्थानीय नगर वासियों ने बताया कि जिस उम्मीद से चुनाव में जीत दिलाई गई उसका गला घोंटा जा रहा है।

# अपना दल एस के पदाधिकारियों का विभिन्न स्कूलों में हुआ भव्य स्वागत समारोह

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**ओबरा ।**लोक सभा चुनाव के मद्देनजर अपना दल एस द्वारा जिले में नवनियुक्त पदाधिकारियों के बनाए जाने पर लोगो में बधाई का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में क्लब नंबर एक स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सभी शिक्षकों एवम प्रधानाचार्य द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारी शिक्षक मंच जिलाध्यक्ष शिवदत्त दूबे एवम महेश अग्रहरी जिलाध्यक्ष बौद्धिक मंच का का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया। एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई दी गई। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष विकास गौड़ एवम विधानसभा महासचिव छात्र मंच ऋषभ मिश्रा जी का भी माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया गया। तत्पश्चात शिवदत्त दूबे जी से स्कूल संबंधित समस्याओं के निवारण की भी चर्चा की गई। अपना दल एस के कार्यकारी अध्यक्ष एवम कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल जी के निर्देशन में पदाधिकारी बनाए जाने पर पद के साथ पूरा न्याय किया जाएगा एवम सभी के समस्याओं का निवारण किया जाएगा। महेश अग्रहरी ने कहा कि शिक्षक एवं शिक्षा देश एवम समाज के लिए बहुत जरूरी है । जिले में शिक्षा व्यवस्था से संबंधित कोई भी समस्या होगी उस को क्रमवार वार्ता कर निदान कराया जाएगा। जिससे हमारी पार्टी अपना दल एस पर और भी तेजी से लोगो का विश्वास कायम हो सके । कार्यकर्ता पार्टी के लिए दिन रात लगे हुए है। इसी क्रम में खैरटिया स्थित श्री राम तिराहे के के समीप अपर प्राइमरी स्कूल के प्रधानाचार्य एवम शिक्षको द्वारा मलयर्पण कर स्वागत सम्मान किया गया एवम स्कूल की प्रमुख समस्याओं पर भी बिंदुवार लिखित पत्र लेकर जल्द ही निवारण करने की बात कही गई।




# फर्जी फेसबुक आईडी बनाने वाले शातिर अपराधी को किया गया गिरफ्तार।

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा थाना राबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-128/2024 धारा 67 घ्ळ ण्ऊ के अनावरण में साइबर क्राइम थाना सोनभद्र के थाने की टीम व राबर्ट्सगंज थाने की टीम के प्रयास से घटना कारित करने शातिर साइबर अपराधी अर्जुन कुमार केशरी पुत्र राजकुमार केशरी, नि0 राजलक्ष्मी वार्ड नं0-02, टैक्सी स्टैण्ड ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी ।घटना :- वादी मुकदमा दिनेश धर दूबे पुत्र इन्द्रमण दूबे, निवासी चैम्बर नं0-27



कचहरी परिसर, थाना रॉबर्ट्सगजं, जनपद सोनभद्र का मोबाईल नम्बर प्रतिवादी द्वारा प्रयोग करने एवं महिला सोनाली मिश्रा के नाम पर फेसबुक आईडी बनाकर एवं इस पेज पर वादी मुकदमा का मो0नं0 डालकर आपत्तिजनक वाक्यो का पोस्ट ,अश्लील बातो को लिखना ,इस मोबाइल नम्बर से सम्पर्क करने की बात करना तथा वादी के मोबाइल पर अश्लील विडियो भेजना आदि ।

# गुणवत्ता विहीन सामग्री प्रयोग करने पर डीएम ने लगाई फटकार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में निर्माणाधीन जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य के प्रगति की समीक्षा की तो यह तथ्य प्रकाश में आया कि भवन का निर्माण कार्य काफी खराब है, भवन के जोड़ाई के बाद लेण्टर का कार्य नहीं कराया गया है, भवन निर्माण उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता काफी खराब है, जिससे भवन के मजबूती काफी खराब दशा में है। भवन निर्माण में उपयोग में लायी जा रही गिट्टी, बालू व ईंट की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी है, जिस पर राजकीय निर्माण निगम के सम्बन्धित जिम्मेदार के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर जॉच के निर्देश दिये गये। निर्माण कार्य में काफी शिथिलता व लापरवाही बरतने पर राजकीय निर्माण निगम के जे0ई0 के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश उनके विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी। भवन निर्माण के दौरान बनाया जा रहा पीलर के गुणवत्ता ठीक नहीं मिलने पर पीलर



सम्बन्धित को दिये गये और निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य के उपयोग में लायी जा रही खराब सामग्री के खरीद में जिस भी स्तर से कमी बरती गयी है, के लिए खोदे गये गड्ढों की लम्बाई व चैड़ाई को मौके पर नापा गया, तो यह तथ्य सामने आया कि गड्ढा व पीलर मानक के अनुरूप नहीं बनाया गया है।

# नए पदाधिकारियों को सगठन की मिले जिम्मेदारी का करे निर्वहन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।**समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश प्रमुख महासचिव अमरेंद्र आर्य और समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव मन्नू पांडे के प्रथम आगमन पर स्वागत समारोह में नौजवानों के साथ बैठक हुई सम्पन्न।वही गुरुवार को समाजवादी कार्यालय प्रभारी अनिल प्रधान ने बताया कि समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश प्रमुख महासचिव अमरेंद्र आर्य एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव मन्नू पांडे के प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के नौजवानों ने जोरदार स्वागत किया त् स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव एवं पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा परमेश्वर दयाल और लोकसभा प्रभारी राज नारायण उर्फ निराला कोल ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी ने जनपद सोनभद्र के मन्नू पांडे को समाजवादी लोहिया वाहिनी का प्रदेश महासचिव बनाकर सोनभद्र के नौजवानों में जोश भरने का काम किया हैत् वही श्री अध्यक्ष ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि युवाओं से देश का भविष्य खड़ा है जिनको मिली जिम्मेदारी मिली है उनका निर्वहन करते हुए सगठन को मजबूत बनाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश से चलकर आए अमरेंद्र आर्य और मन्नू पांडे ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी एवं समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष रामकरण निर्मल ने हम नौजवानों को जो जिम्मेदारी दी है।



# तालाब मे डुबने से मासूम कि गई जान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**राबर्ट्सगंज।**कोतवाली राबर्ट्सगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवखरी के ग्राम महुलिया में 2 वर्ष कीएक बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई है सूचना पर पहुंची हिंदुवारी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की कार्यवाही में जुट गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली राबर्ट्सगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत शिवखरी के ग्राम महुलिया में निधि (2) वर्ष पुत्री गुड्डू जो अपने गांव के तालाब के भीटे पर खेल रही थी खेलते खेलते किसी तरह फिसल कर तालाब में चली गई जिसे डूब गई कुछ देर बाद जब ऊपर आई तो गांव के लोगों ने देखा तो सन्न रह गए और बाहर निकाला ग्राम प्रधान अरविंद सिंह पटेल ने बताया कि बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गई है हिंदूवारी चौकी पुलिस को सूचना देने पर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है घटना से घर में कोहराम मच गया गुड्डू को चार लड़कियां ही थी जिसमें सबसे छोटी लड़की निधि ही थी






# सपना होगा सरकार तीसरी बार फिर भाजपा सरकार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा जनता सोनभद्र मंडल चोपन सेक्टर 1 में अनुसूचित बस्ती में जाकर बस्ती संपर्क अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री के लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में के साथ मिलकर पार्टी कार्यकर्ताओं को घर-घर पहुंचकर बस्ती संपर्क अभियान के साथ जुड़ते हुए उनको योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कटिबंध है एक भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे इसके लिए विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं हर अभियान में वंचित व्यक्तियों



बताया।भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में आज पूरे विश्व में देश का नाम मजबूती के साथ स्थापित कर रहे हैं जिससे आयात निर्यात के साथ व्यवसाय का स्कोप बढ़ रहा है जिससे हर वर्ग टपके के लोगों को सुविधाओं का लाभ मिलेगा वही श्री रावत ने बताया कि देश प्रदेश जिले व गांव के हर व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए दिन-रात पीएम मोदी सीएम योगी के नेतृत्व में अधिकारियों की लिस्ट सूची बनाकर संबंधित भाजपा कार्यालय व अधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है जिससे उनके माध्यम से तत्काल उन लोगों को सुविधाओं का लाभ मिल सके वही प्रमुख अजीत रावत ने कहा कि पत्रक बात साथ ही आगामी 23 फरवरी को बनारस में संत शिरोमणि रविदास के भव्य मंदिर का उद्घाटन करने आ रहे हैं प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सभी से आग्रह किया कि वहां अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुचे। इस मौके पर अमन वर्मा,बल्ला ,अभिषेक कुमार, मौजूद रहें।

# ट्रेन कि चपेट मे आने से एक मजदूर कि हुई मौत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**रेणुकूट।** स्थानीय नगर पंचायत के झरना बस्ती वार्ड 7 निवासी देवकी रजक पुत्र स्वर्गीय सुखारी



क्षेत्र के वार्ड 7 निवासी एक व्यक्ति की शक्तिपुंज एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। चौकी प्रभारी कमल नयन दुबे ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे नगर बैठा किसी कार्य से रेलवे लाइन पार कर रहा था इस दौरान चोपन की ओर से आ रही शक्तिपुंज एक्सप्रेस की चपेट में वह आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक नगर में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

# उसकी संगत खराब है पिता-भाई को खोने का दुख संघर्षों से भरी है आकाश की कहानी टेस्ट डेब्यू करके चमकी किस्मत


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** कहते है ना कि आपके इरादे नेक हो और हौसले बुलंद हो तो सफलता एक-ना-एक दिन आपके कदम खुद चूमती है। अपने संघर्ष और जज्बे के दम पर कोई भी इंसान किया।इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से आकाश दीप को टेस्ट डेब्यू कैप मिली। कोच राहुल द्रविड़ ने 27 साल के बाएं हाथ के गेंदबाज को डेब्यू कैप सौंपी और सभी



मंजिल जीत सकता है। हाल ही में ऐसा उदाहरण बिहार के आकाश दीप की कहानी पर परफेक्ट बैठता है, जिन्होंने काफी संघर्ष के बाद भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू कर लिया हैं इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से आकाश दा को टेस्ट डेब्यू कैप मिली। कोच राहुल द्रविड़ ने 27 साल के बाएं हाथ के गेंदबाज को डेब्यू कैप सौंपी और सभी खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। रांची टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। रांची टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में भारत की तरफ से आकाश दीप को टेस्ट डेब्यू कैप मिली। कोच राहुल द्रविड़ ने 27 साल के बाएं हाथ के गेंदबाज को डेब्यू कैप सौंपी और सभी खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया।रांची टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# ऋषभ पंत की वापसी से दिल्ली को मिलेगी मजबूती यहां जानें दिल्ली कैपिटल्स का पूरा कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिनों के शेड्यूल का एलान हो गया है। बीसीसीआई ने फिलहाल दो हफ्तों लीग के 11 मैच खेले जाने है, जिसकी वजह से आईपीएल के शुरुआती 17 मैचों में से एक भी मैच दिल्ली में नहीं हो पाएगा।दरअसल, आईपीएल



के शेड्यूल का एलान किया, क्योंकि आम चुनावों की तारीखों का फिलहाल एलान नहीं हुआ।आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिनों के शेड्यूल का एलान हो गया है। बीसीसीआई ने फिलहाल दो हफ्तों के शेड्यूल का एलान किया क्योंकि आम चुनावों की तारीखों का फिलहाल एलान नहीं हुआ। चुनावों की तारीखों के एलान के बाद ही बाकी मैचों का शेड्यूल सामने आएगा। दिल्ली कैपिटल्स अभी तक एक बार भी आईपीएल का खिताब नहीं जीत सकी है।चुनावों की तारीखों के एलान के बाद ही बाकी मैचों का शेड्यूल सामने आएगा। दिल्ली कैपिटल्स अभी तक एक बार भी आईपीएल का खिताब नहीं जीत सकी है। इस बार दिल्ली कैपिटल्स का पहला मैच पंजाब किंग्स से होना है, जो कि मोहाली में खेला जाएगा।दरअसल, आईपीएल 202 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी ऋषभ पंत के पास होगी। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर अपने अभियान का आगाज नहीं कर पा रही है, क्योंकि दिल्ली में विमेंस प्रीमियर 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी ऋषभ पंत के पास होगी। बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम पर अपने अभियान का आगाज नहीं कर पा रही है, क्योंकि दिल्ली में विमेंस प्रीमियर लीग के 11 मैच खेले जाने है, जिसकी वजह से आईपीएल के शुरुआती 17 मैचों में से एक भी मैच दिल्ली में नहीं हो पाएगा।बता दें कि डेविड वार्नर की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम लगातार पिछले सीजन में खराब प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करती रही और 14 मैचों में सिर्फ पांच जीत दर्ज की और अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही। पंत अब ट्रेनिंग पर लौट आए हैं और उनके आईपीएल 2024 में कप्तान और विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेलने की उम्मीद है।ऋषभ पंत (कप्तान), प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, विक्की ओस्टवाल, पृथ्वी शॉ, एनरिक नॉर्टजे, अभिषेक पोरेल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, ललित यादव , खलील अहमद, मिशेल मार्श, इशांत शर्मा, यश ढुल, मुकेश कुमार, हैरी ब्रूक, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, ।

# मुंबई, कर्नाटक, तमिलनाडु और सौराष्ट्र की निगाहें सेमीफाइनल पर 23 फरवरी से शुरू होगा मुकाबला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मुंबई।** डेढ़ महीने तक चले उतार चढ़ाव भरे मुकाबलों के बाद आठ टीम रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं और शुक्रवार से शुरू होने वाले इस चरण में एक भी चूक उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर देगी। इसमें कुछ टीमें लगातार इस चरण तक पहुंचती रही हैं जबकि कुछ से उलटफेर की आशा की जा सकती है।डेढ़ महीने तक चले उतार चढ़ाव भरे मुकाबलों के बाद आठ टीम रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं और शुक्रवार से शुरू होने वाले इस चरण में एक भी चूक उन्हें टूर्नामेंट से बाहर कर देगी। इसमें कुछ टीमें लगातार इस चरण तक पहुंचती रही हैं जबकि कुछ से उलटफेर की आशा की जा सकती है।आठ चरण में 41 बार की चैंपियन मुंबई, मजबूत दावेदार कर्नाटक, तमिलनाडु तथा विदर्भ और बड़ौदा के अलावा गत चैंपियन सौराष्ट्र, मध्य प्रदेश और आंध्र की टीम शामिल हैं।मुंबई की टीम शुक्रवार से यहां बड़ौदा के विरुद्ध मुकाबले में अपने मध्यक्रम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और स्टार छोड़ दें तो टीम के खिलाड़ी शानदार फार्म में हैं।अब मुंबई की उम्मीदें सलामी बल्लेबाज भूपेन लालवानी



ऑलराउंडर शिवम दुबे के बिना होगी।दूबे जहां मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हैं तो अय्यर फिटनेस से जूझ रहे हैं। दूबे बचे हुए पूरे सत्र में उपलब्ध नहीं हो पाएंगे, लेकिन भारत के अंडर-19 विश्व कप स्टार मुशीर खान के शामिल होने से टीम को मजबूती मिलेगी।एलीट ग्रुप बी में मुंबई ने सर्वाधिक 37 अंक जुटाए और उत्तर प्रदेश के विरुद्ध हार को से शानदार फार्म जारी रखने पर लगी होंगी जिन्होंने सात मैच में एक शतक और पांच अर्धशतक से 493 रन बनाए। मोहित अवस्थी मुंबई के अहम गेंदबाज रहे हैं जिन्होंने छह मैच में 31 विकेट झटके हैं। रोस्टन डायस (17 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी (23) ने भी उनका अच्छा साथ निभाया है। कप्तान अजिंक्य रहाणे की फार्म चिंता का विषय रही है।

# गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार्दिक पांड्या खेलेंगे पहला मुकाबला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस 24 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत करेगी। पूर्व जीटी कप्तान हार्दिक पांड्या एमआई का नेतृत्व करते हुए दिखाई देंगे। वह अपने पिछले घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में पहला मुकाबला खेलेंगे। हार्दिक ने पहली बार में ही गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2022 में खिताबी जीत दिलाई थी। पिछले साल फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार के



बाद वह उपविजेता रहे थे। रोहित शर्मा से बागडोर लेना निश्चित रूप से एक चुनौती होगी क्योंकि रोहित निश्चित रूप से एमएस धोनी के साथ आईपीएल के सबसे महान कप्तान रहे हैं।हार्दिक ने पहली बार में ही गुजरात टाइटंस को आईपीएल 2022 में खिताबी जीत दिलाई थी। पिछले साल फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आखिरी गेंद पर हार के बाद वह उपविजेता रहे थे। रोहित शर्मा से बागडोर लेना निश्चित रूप से एक चुनौती होगी क्योंकि रोहित निश्चित रूप से एमएस धोनी के साथ आईपीएल के सबसे महान कप्तान रहे हैं।

# शुभमन गिल की कप्तानी में मुंबई से भिड़ेगी गुजरात टाइटंस जानें पूरा कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिन का का एलान कर दिया गया है। पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन सीएसके बनाम में 4 डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे। बता दें कि गुजरात टाइटंस आईपीएल 2024 में नए कप्तान शुभमन गिल के साथ उतरेगी। हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस की



आरसीबी के बीच खेला जाएगा। 17वें सीजन के शुरुआती 21 मैचों में 4 डबल हेडर मुकाबले खेले जाएंगे।आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिन का का एलान कर दिया गया है। पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन सीएसके बनाम आरसीबी के बीच खेला जाएगा। 17वें सीजन के शुरुआती 21 मैचों टीम की कप्तानी करेंगे।बता दें कि गुजरात टाइटंस आईपीएल 2024 में नए कप्तान शुभमन गिल के साथ उतरेगी। हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे। गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस का पहला मुकाबला 24 मार्च को खेला जाएगा। ऐसे में जानते हैं गुजरात टाइटंस का पूरा शेड्यूल।दरअसल, गुजरात टाइटंस 24 मार्च को होम ग्राउंड पर अपना पहला मैच मुंबई इंडियंस के साथ खेलेगी। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। गुजरात टाइटंस का दूसरा मुकाबला सीएसके के साथ चेन्नई के एमए चिंदबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। तीसरे मैच में गुजरात टाइटंस की टीम सनराइजर्स हैदराबाद से अहमदाबाद में खेलने उतरेगी।डेविड मिलर, शुभमन गिल (कप्तान), मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, बी. साई सुदर्शन, दर्शन नालकांडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, मोहम्मद शमी (रिप्लेसमेंट का इंतजार) , नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, रॉबिन मिंज।

# राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा लखनऊ सुपर जायंट्स का हल्ला बोल देखें पहले चरण के मैचों का शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के पहले चरण के लिए गुरुवार को शेड्यूल जारी हो गया। लखनऊ सुपर जायंट्स 24 मार्च को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के साथ अपने इंडियन प्रीमियर लीग अभियान की शुरुआत करेगा। एलएसजी का अगला मुकाबला 30 मार्च को घरेलू मैदान पर पंजाब किंग्स से होगा।आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स का तीसरा मैच 2 अप्रैल को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ होगा। केएल राहुल एंड कंपनी 7 अप्रैल को लखनऊ में आईपीएल 2023 उपविजेता गुजरात टाइटंस (ऊऊ) से भिड़ेगी। आईपीएल 2024 के पहले 21 मैचों (22 मार्च से 7 अप्रैल) का शेड्यूल गुरुवार 22 फरवरी को जारी किया गया।आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स का तीसरा मैच 2 अप्रैल को बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ होगा। केएल



राहुल एंड कंपनी 7 अप्रैल को लखनऊ में आईपीएल 2023 उपविजेता गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी।आईपीएल 2024 के पहले 21 मैचों (22 मार्च से 7 अप्रैल) का शेड्यूल गुरुवार 22 फरवरी को जारी किया गया। बाकी शेड्यूल की घोषणा 2024 के आम चुनावों की तारीखों की पुष्टि होने के बाद की जाएगी।केएल राहुल (कप्तान), नवीन-उल-हक, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, दीपक हुडा, के गौतम, क्रुणाल पांड्या, क्विंटन डी कॉक, देवदत्त पडिक्कल, मोहसिन खान, रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, प्रेरक मांकड़, युद्धवीर सिंह, शमर जोसेफ, मयंक यादव, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, मणिमारन सिद्धार्थ, डेविड विली, एश्टन टर्नर और मोहम्मद अरशद खान।

# संजू सैमसन की राजस्थान रॉयल्स की लखनऊ से होगी पहली टक्कर जानें पूरा कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होना है, जिसका पहला मुकाबला सीएसके और आरसीबी के बीच होगा। आम चुनावों की वजह से आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिनों के शेड्यूल का एलान हुआ है। संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च से करेगी। राजस्थान रॉयल्स का पहला मुकाबला 24 मार्च को लखनऊ सुपर जायटंस के साथ जयपुर में खेला जाएगा।आईपीएल 2024 का आगाज 22 मार्च से होना है जिसका पहला मुकाबला सीएसके और आरसीबी के बीच होगा। आम चुनावों की वजह से आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिनों के शेड्यूल का एलान हुआ है। संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम अपने अभियान की शुरुआत 24 मार्च से करेगी। राजस्थान रॉयल्स का पहला मुकाबला 24 मार्च को लखनऊ सुपर जायटंस के साथ जयपुर में खेला जाएगा।बता दें कि आईपीएल के पहले सीजन की विजेता टीम राजस्थान रॉयल्स का दूसरा मैच 28 मार्च को जयपुर में दिल्ली कोहलर-कैडमोर (40 लाख रुपये), आबिद मुश्ताक (20 लाख रुपये), नंद्रे बर्गर (50 लाख रुपये) को खरीदकर अपने साथ जोड़ा।संजू



कैपिटल्स के खिलाफ होगा। राजस्थान रॉयल्स का तीसरा मैच 1 अप्रैल को मुंबई में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ होगा। उनका चौथा मैच 6 अप्रैल को आरसीबी के खिलाफ होगा।आईपीएल 2024 की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने रोवमैन पॉवेल (7.4 करोड़ रुपये), शुभम दुबे (5.80 करोड़ रुपये), टॉम सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, रियान पराग, डोनोवन फरेरा, कुणाल राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, कुलदीप सेन, नवदीप सैनी, प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, एडम ज़म्पा , अवेश खान, रोवमैन पॉवेल, शुभम दुबे, टॉम कोहलर-कैडमोर, आबिद मुश्ताक, नंद्रे बर्गर।

# ओपनिंग मैच में सीएसके से होगी आरसीबी की जंग जानिए टीम का पूरा कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** ओपनिंग मैच में सीएसके से होगी आरसीबी की जंग, जानिए टीम का पूरा कार्यक्रमआईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिन के शेड्यूल का एलान हो चुका है। आईपीएल 2024 का आगाज 22 के साथ आएगी। बैंगलोर की टीम की कमान फाफ डुप्लेसिस के हाथों में है, जबकि सीएसके की कप्तानी एमएस धोनी के पास है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं आरसीबी की टीम का पूरा शेड्यूल।22 मार्चः रॉयल चैलेंजर्स



मार्च 2024 से होना है जिसका ओपनिंग मुकाबला आरसीबी बनाम सीएसके के बीच होना है। आरसीबी एक बार फिर से आईपीएल की पहली ट्रॉफी जीतने की उम्मीदों के साथ मैदान पर उतरेगी जबकि सीएसके की टीम छठी बार खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ आएगी।आरसीबी एक बार फिर से आईपीएल की पहली ट्रॉफी जीतने की उम्मीदों के साथ मैदान पर उतरेगी, जबकि सीएसके की टीम छठी बार खिताब जीतने के लक्ष्य बैंगलोर बनाम चेन्नई सुपर किंग्स, चेन्नई, रात 8:00 बजे फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर (ट्रेडेड), विशाल विजय कुमार, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन (ट्रेडेड), अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चुहान।

# नीतीश राणा से छिन जाएगी कप्तानी, ऐंप् के खिलाफ धमाल मचाने उतरेंगे रिंकू और श्रेयस यहां देखें मैचां का शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के शेड्यूल का बीसीसीआई ने गुरुवार को आधिकारिक एलान कर दिया है। बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिन के शेड्यूल की घोषणा की, जिसमें पहला मुकाबला सीएसके बनाम आरसीबी के बीच 22 मार्च 2024 को खेला जाएगा।आईपीएल 2024 के शेड्यूल का बीसीसीआई ने गुरुवार को आधिकारिक एलान कर दिया है। अब इस सीजन के लिए उन्हें टीम की कमान फिर से सौंपी गई है। ऐसे में जानते हैं केकेआर की टीम का पहले चरण का पूरा कार्यक्रम।बता दें कि आईपीएल की दो बार की चैंपियन टीम केकेआर ने पिछले सीजन 2023 में 7वें स्थान पर अपना सफर खत्म किया था। नीतीश राणा की कप्तानी में केकेआर टीम कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन अब गौतम गंभार के टीम मेंटोर बनने के बाद यह उम्मीद



बीसीसीआई ने आईपीएल 2024 के शुरुआती 17 दिन के शेड्यूल की घोषणा की जिसमें पहला मुकाबला सीएसके बनाम आरसीबी के बीच 22 मार्च 2024 को खेला जाएगा। आईपीएल के 17वें संस्करण के बाकी कार्यक्रम का एलान चुनाव आयोग के आम चुनावों की तारीख के एलान के बाद किया जाएगा।आईपीएल के 17वें संस्करण के बाकी कार्यक्रम का एलान चुनाव आयोग के आम चुनावों की तारीख के एलान के बाद किया जाएगा। बता दें कि इस बार केकेआर टीम की कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। पिछली बार नीतीश राणा को केकेआर की कप्तानी दी गई थी, लेकिन अय्यर के फिट होने के बाद कि जा रही है कि शाहरुख खान की टीम आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करेगी। इस सीजन के लिए केकेआर की टीम ने सबसे ज्यादा रकम देकर मिशेल स्टार्क को खरीदा था।नितीश राणा, रिंकू सिंह, रहमानुल्लाह गुरबाज़, श्रेयस अय्यर (कप्तान), जेसन रॉय, सुनील नरेन, सुयश शर्मा, अनुकूल रॉय, आंद्रे रसेल, वेंकटेश अय्यर, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, केएस भरत, चेतन सकारिया, मिशेल स्टार्क , अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, मुजीब उर रहमान, गस एटकिंसन और साकिब हुसैन।

# 23 मार्च को गब्बर के सामने होंगे ऋषभ पंत मोहाली में होगा सामना देखें पंजाब किंग्स के मैचों का शेड्यूल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स आईपीएल 2024 में अपने अभियान की शुरुआत शनिवार, 23 मार्च को मोहाली से करेगी। आईएस बिंद्रा स्टेडियम में उसका सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। गुरुवार, 22 फरवरी को आईपीएल के पहले चरण का शेड्यूल जारी किया गया।आईपीएल 2024 टूर्नामेंट के पहले चरण में शिखर धवन की अगुआई वाली टीम के बाकी मैच होम ग्राउंड से दूर होंगे। फ्रेंचाइजी क्रमशः 25 मार्च 30 मार्च और 4 अप्रैल कोरॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। पिछले सीजन को भुलाकर टीम नए सिरे से आगे बढ़ने को देखेगी। टीम ने ऑक्शन में कुछ धाकड़ खिलाड़ियों को खरीदा है।टूर्नामेंट के पहले चरण में शिखर धवन की अगुआई वाली टीम के बाकी मैच होम ग्राउंड से दूर होंगे। फ्रेंचाइजी क्रमशः 25 मार्च, 30 मार्च और 4 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर , लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी।फ्रेंचाइजी ने सैम करन को टीम में बनाए रखा है। वहीं, आईपीएल 2024 मिनी-नीलामी के दौरान राइली रूसो, क्रिस वोक्स और हर्षल पटेल जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को खरीद कर टीम को मजबूती दी है।शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कैगिसो रबाडा, हरप्रीत बराड़, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विदवथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और राइली रूसो।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरुआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

रवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# सम्पादकीय

## बहुराष्ट्रीयकरण के दौर में जरूरी है मातृभाषा और बोलियों का संरक्षण

मातृभाषाओं की जरूरत इसलिए भी है कि वे अभिव्यक्ति की दुनिया को लोकतांत्रिक बनाती हैं, भावों को सहज संप्रेष्य बनाती हैं।उदारीकरण के दौर में जब अंग्रेजी अपनी चमक बिखेर रही है, ऐसे में सवाल उठ सकता है कि मातृभाषाओं की जरूरत क्या है? चूंकि उदारीकरण और वैश्वीकरण की भाषा के रूप में अंग्रेजी अघोषित तौर पर प्रतिनिधित्व हासिल कर चुकी है, इसलिए ऐसा स्वाभाविक भी है। खासकर अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के मौके पर इस प्रशन पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।दुनिया भर के समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञानी मानते हैं कि शिक्षा हासिल करते वक्त बच्चा अपनी मातृभाषा में सबसे ज्यादा सहज रहता है। इसकी वजह यह है कि मातृभाषाओं का रिश्ता व्यक्ति के दिल से ज्यादा रहता है। दरअसल, दिमाग के जरिये जो कुछ ग्रहण होता है, वह तार्किकता से पूर्ण होता है। तार्किकता मनुष्य के नजरिये को वैज्ञानिक तो बनाती है, पर वह कई बार मर्म को छू नहीं पाती। वहीं दिल से सन्हे और प्यार का रिश्ता है। मातृभाषा को इसी संदर्भ में समझें, तो वह दिमाग नहीं, दिल की भाषा है। मां के दूध में जिस तरह पौष्टिकता के साथ ही सन्हे होता है, मातृभाषाएं भी मनुष्य के लिए सन्हे और पौष्टिकता- दोनों सहज उपलब्ध करा देती हैं।नेल्सन मंडेला कहते हैं कि अगर किसी शख्स से आप उस भाषा में बात करते हैं, जो उसकी दूसरी भाषा है, जिसे वह समझ सकता है, तो वह भाषा उसके मस्तिष्क में जाती है। लेकिन अगर आप उसकी मातृभाषा में बात करते हैं, तो वह सीधे उसके दिल तक पहुंच जाती है। यह दिल का रिश्ता ही है कि जब एक भाषा क्षेत्र के लोग मिलते हैं, तो वे अपनी मातृभाषा में बात करने में सहज महसूस करते हैं।दुनिया ने लोकतंत्र को शासन की बेहतर प्रणाली माना है। उदारीकरण और वैश्वीकरण की व्यवस्थाएं इसी लोकतांत्रिक समाज में उपजी हैं। लेकिन दुर्भाग्य है कि उदारीकरण कम से कम भाषाओं के लिहाज से लोकतांत्रिक नहीं हो पाया है। उसकी प्रतिनिधि भाषा अंग्रेजी है। अगर उसने किसी अन्य भाषा को इस दिशा में कुछ छूट दी है, तो वह फ्रेंच, स्विस या यूरोप की कुछ ताकतवर समुदायों की भाषाएं ही हैं। लेकिन इनमें भी अंग्रेजी का ही वर्चस्व है। कुछ लोग कह सकते हैं कि बाजार की बढ़ती ताकत के दौर में उदारीकरण अंग्रेजी के साथ स्थानीय भाषाओं को भी बढ़ावा दे रहा है। पर यह आधी सच्चाई है। अगर उदारीकरण स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा दे रहा है, तो वह भाषाओं का लोकतंत्रीकरण नहीं कर रहा है, बल्कि उनके जरिये अपना ही विस्तार कर रहा है।इसका यह मतलब नहीं है कि मातृभाषाओं की जरूरत ऐसी ही रहेगी। मातृभाषाएं इसलिए जरूरी हैं, कि शख्स सहज बना रहे। यह वैज्ञानिक रूप से साबित हो चुका है कि मातृभाषा में सहज शिक्षा हासिल कर चुका विद्यार्थी दूसरी भाषाओं को कहीं अधिक प्रवीणता से सीख पाता है। मातृभाषाओं की जरूरत इसलिए भी है कि मानव समाज की विरासत और धरोहर को उन्होंने ही सहेज रखा है। धरोहरों के भाव और संदेश को किसी अन्य भाषा में अनूदित नहीं किया जा सकता। वह अनुवाद दिमागी ही होगा, उसका दिल के मर्म से संबंध नहीं होगा। मातृभाषाओं की जरूरत इसलिए भी है कि वे अभिव्यक्ति की दुनिया को लोकतांत्रिक बनाती हैं, भावों को सहज संप्रेष्य बनाती हैं। इस तरह से वे मानवता की सेवा करती हैं।लोकतंत्र में नागरिकों की सहज भागीदारी, समावेशी शिक्षा, सामाजिक और प्राकृतिक विविधता के साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे ज्यादा जरूरी मातृभाषाएं ही हैं। नई शिक्षा नीति में मातृभाषा के जरिये जहां प्राथमिक शिक्षा पर जोर दिया गया है, वहीं देश की भाषाओं के आंकड़े और बुनियादी उच्चारण आदि का संग्रह भी किया जा रहा है। देश में 1,652 भाषाएं हैं और वे अपने-अपने समाजों की मातृभाषा भी हैं। गृह मंत्रालय समय-समय पर इनका सर्वेक्षण भी कराता रहता है। पिछले साल नवंबर तक मंत्रालय ने देश की 576 भाषाओं और बोलियों का मातृभाषा सर्वेक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था, जिन्हें संरक्षित करने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में एक वेब संग्रह तैयार किया जा रहा है। मंत्रालय के अनुसार, इस संग्रह में तमाम भाषाओं को रखा जाएगा। इसके तहत 576 मातृभाषाओं की 'फील्ड वीडियोग्राफी' भी कराई गई है। इस परियोजना में मातृभाषाओं का 'स्पीच डाटा' भी संग्रहीत किया जा रहा है, जिसे बाद में वेबसाइट पर प्रदर्शित भी किया जाएगा।

# वे अपनी आवाज समेटकर जा चुके हैं, लेकिन उसकी गूंज सदा रहेगी

41 साल श्रोताओं के दिल पर राज करने वाले अमीन साहेब बाद में भी सक्रिय रहे। उन्होंने न केवल बिनाका-सिबाका गीतमाला कार्यक्रम चलाया बल्कि एक कुमार का फ़िल्मी मुकदमा, गीतमाला की छांह में (फ़िल्म संगीत के संपादित संग्रह) जैसे कार्यक्रम चलाए। उनके सिगन्चेर स्वर की नकल संभव नहीं है। कोशिश भी नहीं करनी चाहिए।बचपन में हमारे घर में का रेडिओ दूर-दुनिया तक पहुंच का हमारा साधन था। न केवल हमारा बल्कि भारत के अधिकांश लोगों का। रेडियो की आवाज दूर-दूर तक जाती थी और रेडियो की तरंगों पर सवार होकर इसी के जरिए अमीन सयानी की आवाज का जादू लोगों तक पहुंचता था और लोगों के सिर चढ़कर बोलता था। बोलता नहीं गुनगुनाता था। कौन था जो इस मखमली आवाज का दीवाना न था।ओह! बुद्धवार का, बिनाका गीतमाला का, कितनी बेसब्री से इंतजार किया जाता, कौन-सा गीत पहले पायदान पर होगा इसे लेकर शर्त बदी जाती और आठ बजते सबकी सांसें थम जातीं और तभी रेडियो से स्वर लहरी आती, 'बहनों और भाइयों!मैं हूं, आपका दोस्त अमीन सयानी!' एक घंटा कैसे निकल जाता पता नहीं चलता।एक घंटे में हफ्ते के दस लोकप्रिय फिल्मी गाने सुनना। एक-एक कर पायदान चढ़ते गीत और सरताज गीत। मगर केवल गाने ही नहीं सुनाते थे अमीन साहेब, वे इन्हें चासनी में लपेट कर प्रस्तुत करते थे। उफ़! क्या दिन थे। यह मात्र गीत-संगीत का कार्यक्रम न था वरन एक संस्कृति का हिस्सा था, पूरे देश को जोड़ने का बायस था21 दिसम्बर 1932 को बंबई में कुल्सुम सयानी और डॉक्टर जान मोहम्मद सयानी के घर अमीन का जन्म हुआ था। कुल्सुम और जान मोहम्मद स्वतंत्रता आंदोलनकारी तथा सामाजिक कार्यकर्ता थे। मां लिखती थीं, पिता गरीबों का मुफ़्त इलाज करते थे। इसी अमीन सयानी ने 91 की उम्र में जाने की तारीख वही चुनी, जिस तारीख को वे इस दुनिया में आए थे, मतलब 21 फ़रवरी 2024 करोड़ों लोगों के दिल की धड़कन बने, दिल की धड़कन रुकने से चल बसे। हालांकि वे पिछले 12 साल से पीठ दर्द से परेशान थे।



जाने का दिन भी वही बुधवार रहा, जिस दिन करोड़ों लोग रेडियो से कान लगाए रहते थे।रेडियो सिलोन और अमीन सायनी एक-दूसरे के पर्याय थे। 1952 से बिनाका गीतमाला से जुड़े अमीन सयानी ने सेंट जेवियर' से पढ़ाई की और गुजराती प्रोग्राम से शुरुआत की। किशोरावस्था में ऑल इंडिया रेडियो पर इंग्लिश में प्रोग्राम करते थे। रेडियो से उनका परिचय उनके भाई हामिद सयानी ने कराया था। इंग्लिश से हिन्दी में आना सरल न रहा होगा, पर वे यहां भी सहज थे। 'बिनाका गीतमाला' बाद में 'सिबाका गीतमाला' कहलाया।करीब 54,000 रिडियो प्रोग्राम अमीन साहेब ने चलाए और 19,000 जिंगल भी उनके खाते में हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि बिनाका गीतमाला के श्रोताओं की संख्या 21 करोड़ पर्हुंचने के पीछे अमीन साहेब की कार्यक्रम अदायगी की शालीन, आधिकारिक आवाज थी।उनकी सहजता और समझ सदा आकर्षित करती रही है।यह ई-मेल, व्हाट्सअप का जमाना न था। श्रोता अपने प्रिय उद्घोषक को बड़े प्रेम से पत्र लिखा करते थे और पत्रों की संख्या का अंदाज आप लगाइए, क्योंकि वे थैलों में नहीं, बोरों में आया करते थे।एक सूत्र के अनुसार उन पत्रों की संख्या प्रति सप्ताह 65.000 तक पहुंची थी। ऐसा करिश्मा पहले कभी नहीं हुआ था और शायद ही भविष्य में कभी हो 41 साल श्रोताओं के दिल पर राज करने वाले अमीन साहेब बाद में भी सक्रिय रहे। उन्होंने न केवल बिनाका-सिबाका गीतमाला कार्यक्रम चलाया बल्कि एक कुमार का फ़िल्मी मुकदमा, गीतमाला की छांह में (फ़िल्म संगीत के संपादित संग्रह) जैसे कार्यक्रम चलाए। उनके सिगन्चेर स्वर की नकल संभव नहीं है। कोशिश भी नहीं करनी चाहिए।रेडियो से वे टीवी पर आए और वहां 'संडे सस्पेंस', चर्चा पे चर्चा' करते रहे। नहीं जानती हूं उनकी स्क्रिप्ट कौन तैयार करता था, मगर उनकी प्रस्तुति मनोरंजक होती थी। गाने का परिचय, कमशिर्यल के बीच-बीच में संगति, कहन का लहजा सबमें मौलिकता थी। एक घंटे का यह कार्यक्रम बिनाका गीतमाला और गीतों की लोकप्रियता तय करता, श्रोताओं को बांधे रखता, बहाय लिए जाता।श्रोता किसी और दुनिया में होता। यही कारण है, उन्हें कमशिर्यल ब्रॉडकास्टिंग का सिरमौर, रेडियो का ग्रैंड ओल्डमैन, रिडियो किंग, आयकनिक अनाउंसर, मेलोडियस आवाज का मालिक आदि, आदि विशेषणों से नवाजा जाता है।अपनी लम्बी पारी में अमीन साहेब ने फ़िल्म संगीत के बदलते परिवेश, आते-जाते फ़िल्मी लोगों, गायकों, संगीतकारों, गीतकारों को देखा। यहां तक कि लता मंगेशकर भी उनके सामने आईं और गईं। समय के साथ काफ़ी कुछ बदला। तकनीक का बोलबाला हुआ। इसके नुकसान हैं, तो फ़ायदे भी हैं।तकनीक के चलते गीत में वाद्ययंत्र तथा स्वर को नियंत्रित किया जाने लगा। तकनीक के चलते अमीन सयानी की गर्माहट भरी आवाज सदियों तक श्रोताओं को लुभाती रहेगी। वे मनोरंरन से आगे जाते थे। अपने कार्यक्रम में वे सामाजिक मुद्दों को बड़ी बारीकी और सरलता से पिरोते थे। वे स्त्री सशक्तिकरण, राष्ट्रीय एकता, प्रगति को चुपके से प्रोग्राम में दर्ज कर लेते थे। सूझबूझ भरी कहानी, घटना, संगीत, हास्य को गूंथकर वे सब कुछ रोचक बना देते थे। तकनीक के चलते बाद में बिनाका गीतमाला के एल.पी रिकॉर्ड्स बने और वे भी खूब चले।माइक के पीछे रहने वाले अमीन साहेब की आवाज तो माशा अल्लाह है। वे परदे के सामने, कुछ फ़िल्मों जैसे 'भूत बंगला', 'तीन देवियां, कत्ल', 'बॉक्सर' फ़िल्मों में भी नजर आते हैं। श्रोताओं ने शानदार पारी खेलने वाले अमीन सयानी को सिर-माथे पर बैठाया। लिम्का बुक्स ऑफ़ रिकॉर्ड्स ने भी उन्हें अपने यहां शामिल किया। देश ने उन्हें पद्म भूषण एवं पद्म विभूषण सम्मान से पुरस्कृत किया।

# कोविड ने बदल दी दुनिया, छोटे शहरों का रुख करती जिंदगा


कोविड के बाद एक मौन आंदोलन के तहत लोग बड़े से छोटे शहरों में रहना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जहां वे सामुदायिक भावना को शहरी अराजकता पर तरजीह देते हुए कामयाबी को नई तरह से परिभाषित कर रहे हैं।कोविड ने दुनिया को बदलकर रख दिया। यह हम सभी जानते हैं कि इससे मानव जीवन की विनाशकारी क्षति हुई, लेकिन इसने एक मौन आंदोलन को भी जन्म दिया, जिस पर ध्यान नहीं दिया गया। लोग बड़े शहरों से छोटे शहरों में स्थानांतरित होने लगे और उन्होंने शांत व धीमी गति वाले जीवन




को चुना। मैंने खुद ऐसा किया है, मिलेनियम सिटी गुरुग्राम से मैं एक छोटे घाटी शहर देहरादून में स्थानांतरित हो गई हूं हालांकि मैं इन दोनों शहरों में आती-जाती रहती हूं, लेकिन अब मैं अपना ज्यादातर समय देहरादून में ही बिताती हूं, जो एक छोटा अनोखा शहर है और शैक्षणिक संस्थानों, सेना और सेवानिवृत्त लोगों का प्रमुख केंद्र भी है। यहां जिंदगी की रफ्तार थोड़ी धीमी है, लेकिन हवा अपेक्षया साफ है। कोविड के दौरान, विशेष रूप से डेल्टा वायरस की लहर के समय, जब अस्पतालों में बिस्तर और ऑक्सीजन की कमी हो गई थी, लोगों ने यह सोचना शुरू कर दिया था कि बड़े शहरों में रहने के नुकसान ज्यादा हैं।सामान्य दिनों में लंबा ट्रैफिक जाम, वायु गुणवत्ता की बदतर स्थिति, चरम मौसमी स्थितियां और व्यस्त व आक्रामक सामाजिक माहौल ऐसी चीजें हैं, जो लोगों को बड़े शहरों से दूर कर रही हैं। कोविड काल के बाद प्रचलित मिश्रित कार्य-संस्कृति का मतलब यह भी है कि जो लोग खर्च उठाने में सक्षम हैं, वे तेजी से स्थानांतरित हो रहे हैं। चाहे राजमार्गों का विकास हो या उड़ान योजना, पिछले दस वर्षों में बढ़ी कनेक्टिविटी ने भारत को आपस में अधिक जोड़ा है। इसके साथ ही इंटरनेट ने भी दूरियां कम की हैं। और यह सब इतनी तेजी से बदला है कि हैरानी होती है।एक दशक पहले जब मैं टीवी बहस में शामिल होती थी, तो कैमरामैन, लाइटमैन और साउंडमैन के साथ एक बड़ी ओबी वैन आती थी। वे लोग मेरे घर में लाइट और कैमरा लगाते थे, मुझे लाइव टीवी स्टूडियो से जोड़ते थे। आज मैं चाहे दुनिया में कहीं भी रहूं, जूम के माध्यम से टीवी बहस में शामिल हो सकती हूं। यह एक ऐसा बदलाव है, जो मैंने अपनी आंखों से देखा है। अस्तित्व के संकट और परिस्थितिवश मजबूरी में लोग बड़े शहरों में रहने के लिए बाध्य होते थे, लेकिन अब कई लोग ऐसी बाध्यता महसूस नहीं करते हैं।मेरे अपार्टमेंट में एक नई बात यह है कि यहां बहुत से वरिष्ठ नागरिक हैं, लेकिन तीस से चालीस की उम्र के लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जो बड़े से छोटे शहरों में शहरी परिप्रेक्ष्य लेकर आए हैं और साथ ही संतोष की हवा भी। भारत में हुए तीव्र विकास से उन लोगों के लिए छोटे शहरों में रहना आसान हो गया है, जो बड़े शहरों में रहने के आदी हैं। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं में भी काफी सुधार हुआ है। जीवन-शैली में बदलाव अब उतना कठोर नहीं रह गया है, जितना पहले माना जाता था। असल में जीवन-यापन की लागत सस्ती हो गई है और पैसे के लिहाज से अचल संपत्ति का मूल्य बढ़ गया है। शिक्षा के प्रचुर अवसर हैं और सार्वजनिक परिवहन सुविधाजनक है।मेरे बचपन में दिल्ली से देहरादून पहुंचने में रुकते हुए सात से नौ घंटे लगते थे, लेकिन अब मुश्किल से चार घंटे लगते हैं तथा इसमें और कमी होने वाली है। गुरुग्राम से जयपुर मात्र तीन घंटे दूर है और बीस साल पहले गाड़ी से इतनी दूरी तय करने में पांच घंटे लगते थे। छोटे शहर सामाजिक रूप से घुलने-मिलने के भी काफी अवसर प्रदान करते हैं, लोगों के पास काफी समय होता है और वे एक-दूसरे का साथ ढूंढते हैं।बड़े शहरों, जहां मानव अस्तित्व एक निश्चित संकीर्णता में घिर गया है, के विपरीत देश के छोटे शहरों और कस्बों में समुदाय की अवधारणा अब भी काफी जीवित है। जब यह सदी शुरू हुई होगी, तो शायद ही किसी ने सोचा होगा कि भारत के लोग छोटे शहरों में जाना चाहेंगे, लेकिन आज हम छोटे शहरों की तरफ रुख कर रहे हैं। जीवन की गुणवत्ता, यात्रा में आसानी और ई-कॉमर्स-इन सबने इस बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया है।अब चुनौती यह है कि छोटे शहरों की गुणवत्ता बनाकर रखी जाए और इन्हें शहरी फैलाव न बनने दिया जाए। विवेकपूर्ण शासन से ऐसा संभव है। इसके अलावा यह प्रवासन भारतीयों की प्राथमिकता और मूल्यों में ठोस बदलाव को भी दर्शाता है, जो इस पारंपरिक आख्यान को चुनौती देता है कि सफलता महानगरीय जीवन का पर्याय है। भारत के लोगों में आत्मबोध और सांस्कृतिक जागरूकता का विकास तेजी से हो रहा है। पश्चिमी जीवन-शैली का अंधानुकरण थम गया है और लोगों ने उस जीवन-शैली की विफलता को पहचान लिया है। समुदाय और परिवार पर ध्यान केंद्रित करने वाली भारतीय जीवन-शैली ऐसी समृद्धि लाती है, जिसकी गणना नहीं की जा सकती।मानसिक स्वास्थ्य की मूक महामारी से बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए आधुनिक समय में यह बेहद महत्वपूर्ण हो गया है कि हम अपने मूल्यों के साथ तालमेल बिठाएं और उसे समृद्ध करें। और यह पूरी तरह संभव है। लंबी जीवन-प्रत्याशा वाले भौगोलिक क्षेत्रों यानी ब्लू जोन्स का अध्ययन दर्शाता है कि इसका एक प्रमुख कारण सामुदायिक जीवन जीना और दूसरे मनुष्यों के साथ व्यक्तिगत रूप से जुड़े रहने से लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिलती है- फोन या इंटरनेट पर नहीं। जैसे-जैसे ज्यादा भारतीय सफलता को फिर से परिभाषित करेंगे और चूहा-दौड़ से अधिक कल्याण को प्राथमिकता देंगे, बड़े शहरों से छोटे शहरों में जाने का चलन बढ़ेगा, देश के जनसांख्यिकी स्वरूप में बदलाव होना जारी रहेगा। यह जीवन के प्रति अधिक संतुलित और समग्र दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है, जो इस पारंपरिक ज्ञान को चुनौती देता है कि शहरीकरण ही समृद्धि का अंतिम रास्ता है।छोटे शहरों की शांति को अपनाकर अब लोग कामयाबी की नई परिभाषा तलाश रहे हैं, जो अराजक शहरी जीवन-शैली के ऊपर खुशी, स्वास्थ्य और सामुदायिक भावना को तवज्जो देती है। गांधी जी ने जिस भारत को गांवों में बताया था, वह नए समय में छोटे-छोटे शहरों में भी दिखाई देता है।

# कैंसर से जंग के नए हथियार, इम्यूनोथेरेपी ने जगाई नई उम्मीदें

इम्यूनोथेरेपी कैंसर से जंग का नया हथियार बन रही है। इसका उद्देश्य कैंसर कोशिकाओं को पहचानना और उनसे लड़ने की क्षमता विकसित करना है।ब्रिटेन ने कैंसर की वैक्सीन तैयार कर ली है और इम्यूनोथेरेपी कैंसर से जंग का नया हथियार बन रही है। अब इससे जानलेवा कैंसर पर लगाम लगाई जा सकती है। ब्रिटेन में कैंसर वैक्सीन का फ्री ट्रायल शुरू हो चुका है।



इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति के शरीर में कैंसर कोशिकाओं की पहचान करना और उनसे लड़ने की क्षमता विकसित करना है। अभी इसका क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है, जिसके तहत एक 81 साल के एक मरीज को इसकी पहली खुराक दी गई है।चिकित्सा विज्ञान में आजकल कई अलग-अलग पद्धतियों से कैंसर का उपचार किया जाता है, जो कई मामलों में कारगर भी साबित हो रही हैं। कुछ इसी तरह से इन दिनों इम्यूनोथेरेपी का इस्तेमाल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में भी किया जा रहा है। इसमें हमारे शरीर की इम्यूनिटी को कैंसर कोशिकाओं से लड़ने के लिए मजबूत बनाया जाता है।यह उपचार प्रणाली रोगी के इम्यून सिस्टम में सामान्य ट्यूमर मार्कर पेश करने के लिए मैसेंजर आरएनए का उपयोग करती है। इसका लक्ष्य इम्यून सिस्टम को इस प्रकार से विकसित करना है कि वह इन कैंसर कोशिकाओं को पहचान कर उनका मुकाबला कर सके। इसका काम संभावित रूप से उन कोशिकाओं को नष्ट करना है, जो प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को दबा सकती हैं। मॉडर्ना-यूके स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप के सहयोग से आयोजित इंपीरियल कॉलेज का परीक्षण यूके में एमआरएनए वैक्सीन निर्माण करने और भविष्य की स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए तैयारियों को बढ़ाने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। यूके सरकार ने कैंसर के लिए एमआरएनए-आधारित इम्यूनोथेरेपी के विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए कई दवा कंपनियों के साथ सहयोग किया है।ऐसे कई उपचार वर्तमान में क्लीनिकल टेस्टिंग के प्रारंभिक चरण में हैं, जहां उनके एक्शन, प्रोटेक्शन और प्रारंभिक गतिविधि का आकलन किया जा रहा है। कैंसर का इलाज अभी तक रेडिएशन (विकिरण) या कीमोथेरेपी (रसायन चिकित्सा) के भरोसे है, जिसमें कैंसर की कोशिकाओं को मार देते हैं या सर्जरी करते हैं, जिसमें ट्यूमर को पूरा निकाल देते हैं। मगर हीमैटोलॉजिकल या रक्त कैंसर सरीखे कुछ प्रकार के कैंसरों की उनन्त अवस्था में इन इलाजों की सफलता की दर 10 फीसदी से भी कम है।कीमो या रेडिएशन के दुष्प्रभाव-उलटी, दस्त, शरीर दर्द, त्वचा व बालों का झड़ना, रक्तस्राव, अनिद्रा आदि हिम्मत तोड़ने वाला है, क्योंकि दोनों इलाज कैंसर की कोशिकाओं के साथ अंततः शरीर की स्वस्थ-सामान्य कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाते हैं। मौजूदा इलाज कैंसर की हर एक कोशिका को खत्म कर देने की भी गारंटी नहीं देते। उनन्त अवस्था के कैंसरों में इसके दोबारा होने की संभावना 30 से 40 फीसदी बनी रहती है।यहीं इम्यूनोथेरेपी या प्रतिरक्षा उपचार की अहमियत सामने आती है। बीते कुछ वर्षों में कैंसर रिसर्च ने इस पर ध्यान केंद्रित किया है ।

# मयंक सिसोदिया को मिला शार्क टैंक इंडिया से 1 करोड़ का निवेश

जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट लखनऊ के पूर्व छात्र मयंक सिसौदिया की हालिया उपलब्धि एक उल्लेखनीय उदाहरण है। मयंक प्रताप सिंह सिसोदिया ने हाल ही में अपने बिजनेस के लिए स्टार्टअप रियलिटी टीवी शो शार्क टैंक इंडिया सीजन 3 पर 1



करोड़ रुपये का उल्लेखनीय निवेश हासिल किया है। मयंक उत्तर प्रदेश के धामपुर के रहने वाले हैं, उन्होंने जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ से बैच 2008-10 मैं एमबीए किया है। मयंक सिसौदिया कहते हैं, ठशार्क टैंक पर मेरी सफलता जयपुरिया लखनऊ में सीखे गए अमूल्य पाठों में गहराई से निहित है। कैम्पस ने न केवल मुझे ज्ञान प्रदान किया, बल्कि एंटरप्रेन्योरशिप की मानसिकता भी पैदा की, जिसने मेरी अब तक की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।ङ्खछात्रों को स्टार्टअप में मदद करने के लिए जयपुरिया लखनऊ अपने यहां के छात्रों को कई तरह की मदद प्रदान करता है। साथ ही स्टार्टअप में इच्छुक छात्रों के लिए वो सेमिनार, टॉक शो, लाइव प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करते हैं।स्टूडेंट्स के बीच एंटरप्रेन्योरशिप स्किल डेवलप करने के साथ ही उन्हें देश और दुनिया की बेहतरीन कंपनियों में प्लेसमेंट के लिहाज से भी तैयार किया जाता है। हाल के प्लेसमेंट सीजन में एक्सेंचर, जेनपैक्ट, इवैल्यूसर्व, एसएंडपी ग्लोबल, बोस्टन एनालिटिक्स, पीडब्लूयूसी, डेलॉय और केपीएमजी जैसी रिसर्च और कंसल्टिंग कंपनियों ने जयपुरिया से स्टूडेंट्स को रिक्रूट किया। इंस्टीट्यूट के ग्रेजुएट्स ने स्पेंड एनालिटिक्स, ऑपरेशन, सप्लाई चेन, एचआर, रिसर्च, साइबर सिक्युरिटी, आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग जैसे कई क्षेत्रों में प्रतिष्ठित पोजिशन हासिल की है।


## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी उप विदेश मंत्री भारतीय अधिकारियों से मिले

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसका उद्देश्य दोनों देशों की वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के साथ ही सुरक्षित हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करना था। अमेरिका और भारत के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के साथ सुरक्षित हिंद प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के उप विदेश मंत्री रिचर्ड वर्मा ने कई भारतीय अधिकारियों के साथ आज बैठक की। बैठक के दौरान स्वतंत्र खुले सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका-भारत सहयोग और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के अवसरों की खोज की गई। बैठक के दौरान स्वतंत्र, खुले, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका-भारत सहयोग और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के अवसरों की खोज की गई। उन्होंने अमेरिका और भारत के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को और विस्तारित करने पर चर्चा करने के लिए वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भी मुलाकात की।

### अमेरिका के पहले प्राइवेट स्पेस क्राफ्ट ओडिसियस की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिका की प्राइवेट कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की मून लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है।



चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। अमेरिका की प्राइवेट कंपनी इंट्यूटिव मशीन्स का रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस की मून लैंडिंग हो गई है। लगभग 50 साल बाद रोबोटिक स्पेसक्राफ्ट लैंडर ओडिसियस चांद की सतह पर उतरा है। 1972 में आखिरी अपोलो मिशन के बाद अमेरिका में बना कोई अंतरिक्ष यान अब चंद्रमा की सतह पर उतरा है। चांद पर उतरने वाले इस अंतरिक्ष यान का नाम ओडीसियस या ऑडी है। यह छह पैरों वाला एक रोबोट लैंडर है जो भारतीय समय के मुताबिक शुक्रवार सुबह 4:30 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास मालापर्ट ए नाम के क्रेटर में उतरा।

### यूक्रेन युद्ध की दूसरी सालगिरह से पहले अमेरिका रूस पर लगाएगा नए प्रतिबंध

**वॉशिंगटन।** रूस के यूक्रेन पर आक्रमण की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, संयुक्त राज्य



अमेरिका इस शुक्रवार को 500 से अधिक ठिकानों पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार है। उप अमेरिकी ट्रेजरी सचिव, वैली एडेमो ने घोषणा की कि प्रतिबंध रूसी सैन्य औद्योगिक परिसर और तीसरे देशों की कंपनियों पर केंद्रित होंगे जो माल प्राप्त करने में रूस की सहायता कर रहे हैं। रूस के यूक्रेन पर आक्रमण की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए संयुक्त राज्य अमेरिका इस शुक्रवार को 500 से अधिक ठिकानों पर प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार है।

## झुग्गी बस्ती के बच्चों को मिली फ्री हैल्थ चेकअप की सुविधा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा मनप्रीत जी जो असहाय बच्चों तक शिक्षा की रोशनी पहुंचाते है, पिछले कुछ दिनों



परेशान से थे। दरअसल कुछ बच्चे लगातार बीमार बने हुए थे और मनप्रीत जी इसका कारण नहीं समझ पा रहे थे, वो बीमार बच्चों के लिए कुछ करना चाहते थे। उन्होंने फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डी. के. गुप्ता से अपनी परेशानी साझा की। डॉक्टर डी. के. गुप्ता ने परेशानी का हल देते हुए उन बच्चों के लिए फ्री हेल्थ चेकउप का प्रस्ताव दिया। मनप्रीत जी को सुझाव अच्छा लगा और उन्होंने पहले तो बच्चों के माता पिता से बात की फिर देर न करते हुए 2 दिन बाद ही फेलिक्स अस्पताल की ओर से झुग्गी बस्ती में फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें अस्पताल की डायरेक्टर एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि गुप्ता खुद अपनी टीम के साथ पहुंची और उन्होंने झुग्गी बस्ती में रहने वाले बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। प्रवासी श्रमिकों के परिवारों के 60 से अधिक बच्चों को जांच के बाद उनकी जरूरत के हिसाब से सर्दी, जुकाम, बुखार मुफ्त दवाएं दी। मनप्रीत जी ने बच्चों ले साथ मिल कर फेलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ डीके गुप्ता का धन्यवाद किया। डॉ रश्मि गुप्ता बताती है बदलता हुआ मौसम देखने में जितना सुहावना लगता है, उतना ही हमारी सेहत के लिए बेहद हानिकारक होता है। ख़ास कर छोटी उम्र के बच्चों के लिए। मौसम में होते उतार चढ़ाव बच्चों की सेहत पर बुरा प्रभाव छोड़ते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि बच्चों का शरीर बेहद ही संवेदनशील होता है। बच्चों का इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर होता है। इस दौरान बच्चे जल्दी बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। बच्चों की हेल्थ केयर में जरा सी अनदेखी मां-बाप के लिए भारी पड़ जाती है। ऐसे में बच्चों का विशेष ध्यान बदलते मौसम में रखना चाहिए।

## ग्रेटर नोएडा के किसानों का मांग नहीं माने जाने पर किसानों के साथ सपा भी दिल्ली के लिए कुच करेगी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।**- ग्रेटर नोएडा के किसान कई दिनों से अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। इस बार किसान आर पार की मूड में है। सपा के प्रदेश सचिव वह पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी तरीके से तन मन धन के साथ किसानों के साथ खड़ी है। और 23 तारीख को किसानों के होने वाले प्रदर्शन में समाजवादी पार्टी भी किसानों के साथ दिल्ली को कुच करेगी। उन्होंने वर्तमान सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने हमेशा किसानों को धोखा देने का काम किया है वर्तमान सरकार किसान विरोधी है। वर्तमान सरकार सिर्फ प्रचार प्रसार की सरकार रह गई है। उन्हें ना तो किसानों से मतलब है ना मजदूरों से मतलब है। यह सिर्फ पूंजीपतियों की सरकार रह गई हैं। आज देश के कोने-कोने के किसान अपनी जायज मांगों को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन करना चाह रहे हैं। लेकिन वर्तमान सरकार उन्हें दिल्ली से दूर रोक कर ही उनकी आवाज को दबाने का काम कर रही है।

## महिला आत्मसुरक्षा और आयरन कैल्शियम एवं सेनेटरी पैड का निशुल्क वितरण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा युवा शक्ति एवं बरकत संस्था द्वारा ग्रीन वैली मॉडर्न स्कूल, सेक्टर 128, नोएडा में महिला आत्मसुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य महिलाओ एवं लडकियों में आत्मविश्वास का निर्माण, आत्मरक्षा तकनीकें, कानूनी अधिकार, आपातकालीन प्रतिक्रिया आदि मुख्य रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाना अध्यक्ष सेक्टर 126 सुबोध तोमर रहे। कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। मार्शल आर्ट मास्टर वीरेंदर सिंह द्वारा सिखाया गया कि वे कैसे खतरों को पहचान कर उनसे कैसे निपटा जा सकता हैं। कार्यशाला में महिला सुरक्षा के विषयों पर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को आयरन, कैल्शियम एवं सेनेटरी पैड का निशुल्क वितरण भी किया गया। यह वितरण उन महिलाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण था जो इन उत्पादों को खरीदने में सक्षम नहीं हैं। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र से काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए बहुत उपयोगी रहा। युवा शक्ति एवं



बरकत संस्था महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के लिए काम करने वाली एक गैर-लाभकारी संस्था है। संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना है। संस्था अध्यक्ष सीमा गुप्ता एवं सचिन गुप्ता, कमांडर नृप कुमार मेहता, सुरेश चंद शर्मा, विक्रम सेठी, रणपाल अवाना, प्रकाश कुबले, शिवानी, आकांशा, संतोष आदि सदस्य उपस्थिति रहे।

## ढुटेर में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** घोरावल विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत ढुटेर में आँगनबाड़ी केन्द्र का अपना भवन



नहीं होने से संबंधितो को अत्यधिक परेशानी हो रही है। बताया जाता है कि उक्त ग्राम पंचायत में दो आँगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। लेकिन अपना खुद का एक भी भवन नहीं होने के कारण प्राथमिक विद्यालय परिसर में ही संचालन दिया जा रहा है। इससे मुख्य मार्ग के किनारे से छोटे- छोटे बच्चों को इस केन्द्र तक आने-जाते में काफी कठिनाई होती है। हमेशा खतरे का भय बना रहता है। ग्रामीणों की मांग पर बालविकास परियोजना द्वारा सम्बधितों को भूमि उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था, लेकिन अभी तक भूमि उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाब सिंह चौहान ने बताया कि बताया कि दोनों आगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु सरकारी व उपयुक्त भूमि की तलाश क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा की जा रही है। गांव के रहवासी विजय मौर्य, जगदीश, विवेकानंद मौर्य, सुधेन्द्र पाण्डेय आदि।

## स्वक्ष भारत मिशन का खुलेआम धज्जिया उड़ा सरकार को ठेंगा दिखाया

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों द्वारा स्वच्छ स्थिति प्राप्त करने के साथ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वच्छता कवरेज में तेजी लाने की सरकार की पहल को ठेंगा दिखाया ग्राम प्रधान ने जहां सरकार से गांव व नगर को साफ रखने के लिए स्वच्छ भारत के निर्माण के लिए एकसाथ मिलकर कार्य करने की बात की वही विकास खंड-म्योरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलहथि के ग्राम प्रधान द्वार सरकार के मिशन को ठेंगा दिखाया जाने लगा। सरकार का सपना था कि एक दूसरों को उनके आसपास के स्थान स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करें, लेकिन ग्राम प्रधान - बेलहथि के लिए इन बातों का कोई असर नही रहा। स्वक्ष भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायत में अधिक-से-अधिक स्वयंसेवकों को इस अभियान से जोड़ने की जगह स्वयं अपने घर के पास कबाड़ की तरह रख धज्जिया उड़ाया जाने लगा।

## सरस मेले में नोएडा के कलाकारों ने योगा डांस के माध्यम से बिखेरा जलवा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा केंद्रीय ग्रामीण विकास



मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में सातवें दिन गुरुवार को खासी चहल-पहल रही। लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की। सेक्टर-33 ए स्तिथ नोएडा हाट में इस बार चौथे मेले का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को यहां गोवा के फूड प्रोडक्ट्स, हैंडीक्राफ्ट उतपादों की लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं कर्नाटक के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद भी महिलाओं की पसंद बने। इसके साथ ही केरल के मसालों की अच्छी बिक्री हुई। जबकि पंजाब की हल्दी तथा हैंडीक्राफ्ट उत्पाद में कुचि आइटम लोगों को खासे पसंद आए। इसके साथ ही हैंडलूम, साड़ी और ड्रेस मेटिरियल भी विभिन्न राज्यों से हैं जो इस प्रकार हैं- टसर की साड़ियां, बाघ प्रिंट, गुजरात की पटोला साड़ियां, काथा की साड़ियां, राजस्थानी प्रिंट, चंदेरी साड़ियां। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद उपलब्ध हैं।

## हैवी वाहनों का रूट निश्चित होने को लेकर सभासदों ने एसडीएम व सीओ को सौंपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** नगर पंचायत स्थित वार्ड नंबर 6 वार्ड 4 और वार्ड 9 की गंभीर



समस्या जो कि हैवी वाहन का आवा गमन हैं। जिनका रूट एक रूट पर निश्चित होना चाहिए जो की एक रूट से ना जाकर कॉलोनी परिसर के सभी रास्तों से हैवी वाहन लेकर जा रहे हैं और पूरे कॉलोनी की रोडो को क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। जिससे वार्ड में रह रहे रहवासियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को स्कूल जाने में जान माल की हानी का डर बना हुआ है। इन सभी समस्याओं पर सभासद वार्ड नंबर 6 मधु देवी शुक्ला के प्रतिनिधि विपुल शुक्ला निःप्रदेश सह मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वाराएसडीएम ओबरा व क्षेत्राधिकार ओबरा को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर सभासद राकेश पासवान, संजय कनौजिया, अमित गुप्ता, दशरथ शुक्ला, राकेश चंद्रवंशी, राहुल श्रीवास्तव, आदि लोग उपस्थित रहे।

## साई हॉस्पिटल कॉलेज आफ नर्सिंग एंड फार्मेसी, सजौर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** बुधवार को साई हॉस्पिटल कॉलेज आफ नर्सिंग एंड फार्मेसी, सजौर, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, संस्थान में सत्र 2023-24 के छात्र-छात्राओं ने संस्थान की प्रबन्धक डा0 अनुपमा सिंह व प्रबन्ध निदेशक डा0 वी0 सिंह के द्वारा सरस्वती वंदन पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमे प्रथम वर्ष में आए हुए बी0एस0सी नर्सिंग, ए0एन0एम, जी0एन0एम, डी0 फार्मा0 के छात्र/छात्रा को सीनियर छात्र/छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी देकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में दोनो वर्ष के छात्र/छात्रा द्वारा दिल मोह लेने वाला संगीत, गीत, सांस्कृतिक नृत्य का आयोजन किया गया। प्रबन्धक डा0 अनुपमा सिंह जी द्वारा मिस एंड मिस्टर फ्रेशर-जी0एन0एम



नेहा, श्यामबाबू, बी0एस0सी प्रज्ञा मौर्य, सूरज, ए0एन0एम प्रीति मौर्य, डी0फार्म निकिता, हर्षित को बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित फार्मेसी एच0ओ0डी विकास चतुर्वेदी, नर्सिंग प्रोफेशर एंजलीन बिट्टी, शिवकांत शर्मा व अन्य शिक्षकगढ़, स्टाफ तथा छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

## पीएम सीएम के योजनाओं को जन जन तक पहुचाए

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ धर्मवीर तिवारी के नेतृत्व में



शुक्रवार को राबर्ट्सगंज नगर स्थित वार्ड नंबर 8 जोगिया वीर मोहाल में पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के योजनाओं को धरातल पर लाने को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ लोगों के बीच गिनाई उपलब्धियां बताया सरकार के योजनाओं का लाभ। डॉ धर्मवीर तिवारी ने बताया कि फिर से तीसरी बार 2024 में पूर्ण बहुमत के साथ मोदी सरकार के इस संकल्प के साथ देश का गांव गरीब किसान महिलाएं मजदूर नौजवान सभी हो रहे हैं सशक्त इस संकल्प के साथ भाजपा कार्यकर्ता गांव स्तर पर बूथ स्तर पर जाकर हर व्यक्ति हर परिवार से मिलते हुए योजनाओं के बारे में बताकर उनको सरकार की उपलब्धियां बनाई जा रही हैं एक भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे जिसको लेकर सरकार के साथ कार्यकर्ता भी संकल्पित है सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है धर्मवीर तिवारी ने बताया कि आज करोड़ों की सौगात के साथ काशी नगरी में नरेंद्र मोदी मौजूद हैं दो दिवसी प्रवास में योजनाओं के साथ आम जनमानस के हितकारी तमाम योजनाओं को हम आपके बीच लाने का कर रहे प्रयास गाँव में बिजली, हर घर नल गरीबों को आवास, निः शुल्क अनाज, शौचालय, गैस सिलेंडर, किसान सम्मान निधी, आयुष्मान कार्ड, रेहड़ी वालों को ऋण देकर, देश के गांव गरीब किसान महिला, युवा सभी को शशक्त बनाया जा रहा है। देश को और शशक्त बनाने के लिए फिर से पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने को हम ले संकल्प, फिर एक बार मोदी सरकार। इस मौके पर पूर्व मीडिया प्रभारी अरविंद पांडेय, सभासद विनोद सोनी, दुर्गेश केडिया, नगर मंत्री अखिलेश कश्यप, मारकंडे सोनकर, अशर्फीलाल सोनकर, बिगुल भगत, चंदा देवी, मान्ना देवी, रामधनी पासवान, तुलसी सोनी, खतरना देवी, तेतरी देवी, मीणा देवी, सिद्धू सोनकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डी मोर्टफोर्ट यूनिवर्सिटी यूनाईटेड किंगडम के साथ हुई संयुक्त बैठक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) में डी मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी (डीएमयू) यूनाइटेड किंगडम के साथ एक संयुक्त बैठक का आयोजन किया



गया। जिसमें टीएनई के एसोसिएट निदेशक डॉद नील हार्ट, साझेदारी और विकास प्रबंधक पॉल ओवरटन और डी मोंटफोर्ट यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम में इंटरनेशनल (शिक्षा स्थिरता एवं ईडीआई) विभाग की एसोसिएट डीन डॉद मंजीत रिडन ने विशेष रूप से भाग लिया। इस सम्मलेन में दोनों संस्थानों के शैक्षिक अधिकारीयों द्वारा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने, अकादमिक साझेदारी, अनुसंधान और छात्र विनिमय कार्यक्रमों के लिए रास्ते तलाशना था। पहले सत्र में एजेंडे में संभावित सहयोगी परियोजनाओं, अकादमिक आदान-प्रदान के अवसरों और डीएमयू यूके के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा शामिल रही। कॉलेज के निदेशक डॉद मानस कुमार मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक जीएल बजाज के सम्बंधित विभागों के लिए डीएमयू अधिकारियों के साथ सीधे जुड़ने, अंतर्दृष्टि साझा करने और हमारे संस्थानों के बीच तालमेल का पता लगाने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। (आर एंड डी) विभाग के डीन डॉद मयंक सिंह ने डीएमयू प्रतिनिधिमंडल को सम्मानित करते हुए कहा कि आपकी उपस्थिति अत्यधिक मूल्यवान है क्योंकि हमारा मानना है कि आपकी विशेषज्ञता और दूरदर्शिता इस बैठक की सफलता और इससे उत्पन्न होने वाली संभावित साझेदारियों में बहुत योगदान देगी। जीएल बजाज शिक्षण संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने बैठक के सफल आयोजन के लिए दोनों तरफ के प्रतिनिधियों को बधाई दी।

## आरओ/एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा छात्रों ने कहा ये सरकार वीक-उसका पेपर लीक है

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी और पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में अब हवा लग्नर लगी है। बीते रविवार से अलग अलग गुटों के छात्र संगठन प्रदर्शन और हंगामा कर रहे है। मंगलवासर रात के बाद बुधवार की सुबह फिर छात्रों ने आयोग गेट के पास पहुंचकर हंगामा करते हुए सड़क जाम कर दी। हंगामे की सूचना कई पहुंची सिविल लाइन्स थाने की पुलिस ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह दोबारा परीक्षा कराने की मांग पर अड़े रहे। छात्रों का कहना है कि सरकार वीक है, पेपर लीक है। समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले इस कई दिनों से छात्रों का प्रदर्शन और हंगामा जारी है। बुधवार को सुबह से ही लोक सेवा आयोग गेट पर छात्रों ने प्रदर्शन और हंगामा करना शुरु कर दिया। छात्रों ने कहा ये सरकार वीक है



, सारा पेपर लीक है। छात्र विटाट यादव ने कहा कि उन्हें सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। उनकी मांगो को अभी नही माना गया है। छात्र दिन रात मेहनत कर पढ़ाई करते है। उनकी पढ़ाई बर्बाद हो रही है। वहीं इविवि के छात्र सुनील कुमार ने कहा ये सरकार की मिली भगत है। सरकार छात्रों की मांग को नहीं मान रही है। हम अपना आंदोलन बंद नहीं करेंगे। अगर परीक्षा को दोबाटा नही कराया गया तो हम छात्र विधान सभा का भी घेराव करेंगे।

## विश्व भाषा दिन पर अंग्रेजी निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** नोएडा विश्व भाषा दिन के अवसर पर नोएडा लोक मंच द्वारा अंतर्विद्यालय अंग्रेज़ी निबन्ध तथा भाषण प्रतियोगिता जिसका उद्देश्य बच्चों में अंग्रेज़ी विषय के प्रति हिचक व डर को समाप्त करना तथा बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखार कर मंच प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में 15 स्कूल के



बच्चों ने भाग लिया। हर स्कूल से 4-4 बच्चों ने लिखित परीक्षा दी जिसमें 21/02/24 को 17 बच्चों की भाषण प्रतियोगिता, जिस्में भाषण के विषय निम्नलिखित थे, सोशल मीडिया, समय का मूल्य, अंग्रेजी का महत्व ये संस्कार केंद्र स्कूल गढ़ी में हुआ जिस्में श्रीमती रचना यादव, श्रीमती गिरजा सिंह, श्रीमती रैना शाहमीरी जज थे। प्रतियोगिता में आदर्श प्रथमिक विद्यालय चौड़ा के आयुष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान संस्कार केंद्र की राखी ने और तीसरा स्थान आदर्श प्रथमिक विद्यालय चौड़ा के पुष्पा और एक संस्कार केंद्र स्कूल होशियापुर की राखी झा ने प्राप्त किया। साथ ही दो बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए। नोएडा लोक मंच की तरफ से श्रीमती लीका सक्सैना, श्रीमती राजेश्वरी त्यागराजन, श्रीमती विभा बंसल, जुवेल जॉन थथा साक्षर हम फाउंडेशन की तरफ से श्रीमती पूजा चावला, श्रीमती ऋचा श्रीवास्था आधी प्रस्थुथ थे। सभी स्कूल के शिक्षकों एवं अभिभावको ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। निर्णायक मण्डल ने बच्चों के आत्मविश्वास तथा अंग्रेज़ी के सही उच्चारण की प्रशंसा की।

# बेटे के कैंसर से टूट गए थे इमरान महेश भट्ट की इस सलाह की वजह से बैलेंस कर पाए लाइफ


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** कुछ साल पहले इमरान हाशमी की निजी जिंदगी में एक ऐसा दौर आया, जब वह पर्सनली एकदम टूट गए थे। यह दर्द था बेटे के कैंसर का। साल 2014 में इमरान के बेटे अयान को फर्स्ट स्टेज का कैंसर हो गया था। बेटे के कैंसर ने इमरान को अंदर से झकझोर कर रख दिया था।बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने एक हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया है कि बेटे अयान के कैंसर के बाद वह किस कदर टूट गए थे और उस मुश्किल की घड़ी में महेश भट्ट थे जिन्होंने उन्हें ऐसी सलाह दी थी जो उनकी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ में बैलेंस करने में सहायक रही। साल 2014 में इमरान के बेटे को कैंसर हुआ था।इमरान हाशमी ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि बेटे के कैंसर के दर्द उन्हें इस कदर हिला दिया था कि वह समझ नहीं पा रहे थे कि वह क्या करे। आखिरकार अभिनेता ने खुद को पुश किया। उनका कहना है, भले ही हम भविष्य के संघर्ष से अनजान हैं, लेकिन हमारे अंदर एक ऐसी स्प्रिट जरूर होती है, जो हमें आगे बढ़ाती है।ठइस मुश्किल घड़ी में का वक्त मांगा, ताकि वह बेटे के इलाज के लिए कनाडा जा सके। कनाडा में 7 महीनों तक बेटे का इलाज चला और



उन्हें महेश भट्ट से क्या सलाह मिली, इस बारे में भी अभिनेता ने खुलासा किया। रेडियो नशा के साथ बातचीत में इमरान ने कहा- इमरान हाशमी ने बताया कि महेश भट्ट की सलाह के बाद उन्होंने सभी प्रोड्यूसर्स से बात की और उनसे डेढ़ महीने अभिनेता को कमिटमेंट पूरा करने के लिए डेढ़ महीने में ही लौटना पड़ा था। अभिनेता ने बताया कि उन्होंने अपने बेटे से झूठ बोला था कि वह जल्द ही उनके पास लौटेंगे। यह उनकी जिंदगी का सबसे कठिन दौर था।

# आलियाने पूरी की 'जिगरा' की शूटिंग रैना संग सामने आईं ये अनसीन फोटो

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 12 साल पहले बॉलीवुड फिल्म निर्माता करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से हिंदी सिनेमा में कदम रखने वालीं आलिया भट्ट आने वाले समय में एक बार फिर से धर्मा प्रोडक्शन की मूवी में दिखेंगी। एक्ट्रेस की इस फिल्म का नाम जिगरा है, जिसका एलान बीते साल किया गया है।आने वाले समय में आलिया भट्ट निर्माता करण जौहर की एक और फिल्म जिगरा में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का एलान बीते साल किया गया आलिया की जिगरा की शूटिंग का काम पूरा हो चुका है जिसकी जानकारी एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया दी है। इसके साथ ही उन्होंने एक्टर वेदांग रैना संग लेटेस्ट तस्वीरों को भी साझा किया है।ऐसे में आलिया भट्ट ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है कि जिगरा की शूटिंग पूरी हो गई है। इसके साथ अदाकारा ने सोशल मीडिया पर जिगरा को-स्टार वेदांग रैना संग लेटेस्ट तस्वीरों को भी शेयर किया है। करीब 4 महीने पहले आलिया भट्ट स्टारर फिल्म जिगरा की घोषणा की गई थी, जिसके लिए आलिया का एक स्पेशल अनाउंसमेंट वीडियो भी साझा किया गया था। तब से लेकर अब तक आलिया की इस मूवी का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है।इस दौरान बीच-बीच लिखा है- जिगरा ओह, अबकी तेरी बारी। इन तस्वीरों से इस बात अंदाजा आसानी लगाया जा सकता है कि जिगरा की शूटिंग पूरी होने से आलिया भट्ट और



में अदाकारा सोशल मीडिया पर इस फिल्म की शूटिंग अपडेट देते हुईं भी नजर आईं। लेकिन अब आलिया ने जिगरा को लेकर बड़ी जानकारी दी है और बताया है कि फिल्म की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। इसके लिए एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट पर सह अभिनेता वेदांग रैना संग लेटेस्ट फोटो को साझा किया है।इस ट्वीट में आलिया भट्ट ने वेदांग काफी खुश हैं। गंगूबाई काठियावाड़ी, ब्रह्मास्त्र और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी बैक टू बैक सुपरहिट फिल्में देने के बाद आलिया भट्ट जिगरा मूवी से फैंस का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। गौर करें जिगरा की रिलीज डेट की तरफ तो आलिया और वेंदाग की इस फिल्म को 27 सितंबर 2024 को बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।

# शादी के बाद सामने आई कपल की पहली तस्वीर शॉर्ट्स में दिखीं मिसेज रकुल प्रीत सिंह

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने गोवा में अपनी ड्रीम वेडिंग की। सोशल मीडिया पर शादी की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे है। इसी बीच अब कपल की नई फोटो सामने आई है, जिसे जैकी के कजिन भाई ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है और ये तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है।रकुल प्रीत सिंह मिस से अब मिसेज भगनानी बन गई हैं । शादी के बाद इस न्यूली वेड कपल की एक फोटो सामने आई है जिसे जैकी के चचेरे भाई निकी भगनानी ने शेयर किया है । इस फोटो में निकी भैया और भाभी के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।रकुल प्रीत सिंह मिस से अब मिसेज भगनानी बन गई हैं। शादी के बाद इस न्यूली वेड कपल की एक फोटो सामने आई है, जिसे जैकी के चचेरे भाई निकी भगनानी ने शेयर किया है। इस फोटो में निकी 'भैया' और 'भाभी' के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।फोटो में देख सकते हैं रकुल शॉर्ट फ्लोरल जंपसूट पहने हुए नजर आ रही हैं। इस दौरान उन्होंने हाथों की मेहंदी और चूड़ा पहना हुआ है। जो एक्ट्रेस की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। तो वहीं, जैकी रकुल के चेहरे पर कोई उदासी नहीं बल्कि स्माइल देखने को मिल रही है। एक्ट्रेस के आस-पास उनके परिवार के लोग भी नजर आ रहे हैं।रकुल और जैकी की शादी में बॉलीवुड सितारों का मेला लगा था। अक्षय कुमार से लेकर टाइगर



एक प्रिंटेड शर्ट पहने नजर आ है।इसी बीच अब एक्ट्रेस का विदाई वीडियो सामने आया है, जिसमे रकुल विदाई की रस्म करती नजर आ रही हैं। इस मौके पर श्रॉफ, अनन्या पांडे, शाहिद कपूर, आदित्य रॉय कपूर, मीरा राजपूत, वरुण धवन, नताशा दलाल, आयुष्मान खुराना समेत कई सेलेब्स पहुंचे थे।


# दुनियाभर में नहीं थम रही शाहिद की फिल्म की कमाई 13 दिनों में कमाए इतने करोड़

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' वैलेंटाइन डे वीक में यानी 9 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। रिलीज के 13 दिनों बाद यह फिल्म ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से भी मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली।शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया एक रोबोटिक ड्रामा लव स्टोरी फिल्म है। इस मूवी में कृति सेनन ने फीमेल रोबोट शिफ्रा का किरदार निभाया है और शाहिद कंप्यूटर इंजीनियर आर्यन के रोल दिखाई दिए हैं। अब इस फिल्म के 13वें दिन का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। चलिए जानते हैं फिल्म ने दुनियाभर में कितने करोड़ का बिजनेस किया।वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। अब इसके 13वें दिन का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। चलिए जानते हैं फिल्म ने अभी तक कितने करोड़ का बिजनेस कर लिया है।शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर यह फिल्म रोबोटिक ड्रामा लव स्टोरी है। इस मूवी ने देशभर में शानदार ओपनिंग की और दुनियाभर में अभी तक अच्छा खासा बिजनेस किया। 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' अब जल्द 150 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' ने अभी तक दुनियाभर में 117.96 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।वहीं, फिल्म के घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें, तो फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' की कमाई हर दिन के साथ घटती जा रही है।



# शाहिद-कृति की 'रोबोटिक' फिल्म की बैटरी हुई लो

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए दो हफ्ते पूरे हो चुके हैं। वैलेंटाइन डे वीक में इस साई-फाई रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी थी की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की शुरुआत तो बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छी हुई थी लेकिन अब दो हफ्तों में ही ये फिल्म अपना दम तोड़ने लगी की बैटरी घरेलू बॉक्स ऑफिस पर इतनी ज्यादा लो हो गयी है कि 14 दिनों में भी मूवी 100 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर ऑफिस पर कैसा हाल रहा है, चलिए जानते हैं।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की कहानी ने शुरुआत में फैंस को काफी आकर्षित किया है। रोबोट और इंसान की लव स्टोरी का कांसेप्ट लोगों को काफी भाया। जिस तरह से फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन कमाई हुई थी, हर किसी को यही उम्मीद थी कि कबीर सिंह के बाद एक बार फिर से शाहिद कपूर कोई नया रिकॉर्ड कायम करेंगे, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुधवार को 1.85 करोड़ के आसपास का बिजनेस



पाई।जिस तरह से शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर इस मूवी की घरेलू बॉक्स ऑफिस पर जोरदार शुरुआत हुई थी, लेकिन अब चंद दिनों में ही फिल्म का कारोबार सुस्त पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है।दो हफ्तों में भी ये मूवी 100 करोड़ के मार्क तक नहीं पहुंच सकी है। 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' का गुरूवार को बॉक्स करने वाली इस मूवी का गुरूवार को कलेक्शन और भी ज्यादा घट गया और फिल्म महज 1.77 करोड़ की ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर कमाई कर सकी।शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' के लिए 100 करोड़ कमाना भी बेहद ही मुश्किल हो रहा है।

# ऑशकर से पहले नॉमिनेटेड फिल्में थिएटर्स में देखने का एक और मौका जानिए किन शहरों में हो रहीं रिलीज

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** 96वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह मार्च में आयोजित होने वाला है। 2023 में रिलीज हुई फिल्मों को अवॉर्ड समारोह में जा रही हैं। इन फिल्मों को अगर पहले नहीं देख सके हैं तो अब देख सकते हैं।पीवीआर आइनॉक्स की ओर से ऑस्कर फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है, जिसके




नॉमिनेशन मिला है। इनमें कई फिल्में ऐसी हैं, जो इस साल हो रहे अवॉर्ड फंक्शंस में पुरस्कार जीत रही हैं। अगर इन फिल्मों को नहीं देख सके हैं तो सिनेमाघरों में देखने का एक और मौका मिल रहा है।अगले महीने आयोजित किये जा रहे हैं। इस बार सबसे ज्यादा नॉमिनेशंस को मिले हैं। दूसरे नम्बर पर लियोनार्डो डिकैपरियो की फिल्म है। ऑस्कर में सबसे ज्यादा नॉमिनेशंस हासिल करने वाली फिल्में एक बार फिर पीवीआर आइनॉक्स में रिलीज की तहत 33 शहरों के 100 थिएटर्स में ऑस्कर नॉमिनेटेड फिल्में दिखाई जाएंगी। इन फिल्मों की स्क्रीनिंग 23 फरवरी से शुरू होगी और 21 मार्च तक चलेगी। इस फेस्टिवल में जिन फिल्मों की स्क्रीनिंग होने वाली है, उनमें ओपेनहाइमर, किलर्स ऑफ द फ्लॉवर मून, एनॉटमी ऑफ अ फॉल, द होल्डोवर्,, नेपोलियन, पास्ट लाइव्स, द क्रिएटर और द टीचर्स लाउंज शामिल हैं।

# ॐहम औंहा 4 में चांदी के गिफ्ट लेकर पहुंचे विक्की जैन और अंकिता लोखंडे इन कंटेस्टेंट्स को दिया तोहफा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट्स एक बार फिर एक साथ एक मंच पर इकट्ठा हुए। इस मंच का नाम है डांस दीवाने सीजन 4 का मंच। बिग बॉस 17 के इन कंटेस्टेंट्स ने शो में चार चांद इनमें अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के अलावा मनारा चोपड़ा, अभिषेक कुमार, मुनव्वर फारूकी, ईशा मालवीय, समर्थ जुरेल, ऐश्वर्या शर्मा और नील भट्ट का नाम शामिल है। इन सभी स्टार्स ने डांस दीवाने 4 के मंच पर खूब एंजॉय



लगाए। वहीं, अंकिता लोखंडे और विक्की जैन,तो चांदी के गिफ्ट लेकर शो में पहुंचे।बिग बॉस 17 के कुछ पॉपुलर कंटेस्टेंट्स हाल ही में डांस रियलिटी शो डांस दीवाने 4 के मंच पर पहुंचे। जहां इन सभी ने शो के कंटेस्टेंट्स के साथ खूब मस्ती की। इनमें अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का नाम भी शामिल है। दोनों ने शो में एक सिजलिंग डांस परफॉर्मेंस भी दी।डांस दीवाने सीजन 4 को माधुरी दीक्षित और सुनील शेट्टी होस्ट कर रहे हैं। अपने शो का प्रमोशन करने दोनों स्टार्स बिग बॉस 17 के ग्रैंड फिनाले में भी पहुंचे थे।डांस दीवाने 4 में पहुंचे बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट्स की बात करें, तो किया।डांस दीवाने 4 से बिग बॉस 17 के कंटेस्टेंट्स के कई प्रोमो सामने आए हैं। इनमें से एक वीडियो अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का है। वीडियो में विक्की और अंकिता ने बताया कि वो डांस दीवाने 4 की तीन देवियों के लिए तोहफे लेकर आए। विक्की ने गिफ्ट को खोलते हुए बताया कि ये चांदी के सिक्के हैं, जिस पर तीन देवियां बनी हुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम शो की तीन देवियों के लिए गिफ्ट में तीन देवियां लेकर आए हैं।अंकिता लोखंडे और विक्की जैन ने डांस दीवाने 4 के मंच पर एक रोमांटिक परफॉर्मेंस भी दी।

# अजय देवगन-आर माधवन की फिल्म के सीक्वल की बन रही है योजना शैतान के निर्माता ने किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन और आर माधवन की आने वाली मोस्ट अवेटेड सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान' का ट्रेलर आज 22 फरवरी को जारी कर दिया गया है। दर्शकों वो अब इस मूवी की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म की पूरी टीम मौजूद रही। यहां उन्होंने फिल्म के सीक्वल और सम्मोहन का अनुभव करने के बारे में बताया।ट्रेलर



से इस मूवी के ट्रेलर को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। ट्रेलर को लॉन्च करने के लिए फिल्म की पूरी स्टार कास्ट मुंबई में नजर आईं।अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल हॉरर थ्रिलर फिल्म शैतान का ट्रेलर गुरुवार को जारी कर दिया गया है। मूवी का ट्रेलर देखने के बाद फैंस के रोंगटे खड़े हो गए हैं और लॉन्च इवेंट के दौरान अजय देवगन और आर माधवन से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी सम्मोहन का अनुभव किया है। साथ ही इसके निर्माताओं ने यह खुलासा किया कि वह इस मूवी के सीक्वल की योजना बना रहे हैं।ट्रेलर लॉन्च इवेंट में जब अजय देवगन और आर माधवन से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी असल जिंदगी में सम्मोहन का अनुभव किया है। इस पर दोनों ने अपने-अपने अनुभव शेयर किए। अजय ने कहा, 'जब हम आउटडोर शूटिंग पर जाते थे तब ऐसा हुआ है। हाल में नहीं, लेकिन करियर के पहले 10-12 सालों में मैंने यह सब देखा है'।वहीं, आर माधवन ने कहा, 'हां, ऐसा बहुत बार हो चुका है। सम्मोहन हर दिन होता है। सोशल मीडिया सम्मोहन करता है। हमें सतर्क रहना चाहिए'।शैतान' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में फिल्म के निर्माता कुमार मंगत पाठक ने फिल्म की शूटिंग और इसके सीक्वल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि 'शैतान' की शूटिंग 40 दिनों में पूरी हो गई थी और इसके दूसरे भाग की योजना भी पहले से ही उनके दिमाग में है। उन्होंने कहा, 'भाग 2 भी हमारे दिमाग में तैयार है'।विकास बहल के निर्देशन में बनी 'शैतान' 8 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। इस मूवी में अजय और आर माधवन के साथ ज्योतिका भी नजर आने वाली हैं। 25 सालों में ज्योतिका की यह पहली बॉलीवुड फिल्म है।

# किसी शाही महल से कम नहीं है गौरी खान का रेस्तरां टोल तस्वीर शेयर कर दिखाई एक झलक

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** शाह रुख खान की वाइफ मशहूर इंटीरियर डिजाइनर और फिल्म प्रोड्यूस गौरी खान ने अब तक कई सेलेब्रिटी के घरों को महल जैसा खूबसूरत बनाया है। इस लिस्ट में आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, जैकलीन फर्नांडिस, सिद्धार्थ मल्होत्रा और करण जौहर समेत कई स्टार्स का नाम शामिल है।शाह रुख खान की तरह उनकी पत्नी गौरी खान ने भी अपनी दुनिया भर में पहचान बनाई हुई है। वह एक सफल बिजनेस वुमन है। उनका मुंबई के जुहू में गौरी खान डिजाइन नाम से आर्किटेक्चर स्टूडियो है। वह धीरे-धीरे अपना हाथ अब अन्य बिजनेस में भी डाल रही हैं ।गौरी पति शाह रुख खान की तरह अपनी भी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। उनका मुंबई के जुहू में गौरी खान डिजाइन नाम से आर्किटेक्चर स्टूडियो है। इसके अलावा उनका दिल्ली और चंडीगढ़ में भी हैं। ये कहना सही होगा कि गौरी खान अब एक सुपर बिजनेस वुमन बन गई हैं। वह धीरे-धीरे अपना हाथ अब अन्य बिजनेस में भी डाल रही हैं, जिसकी शुरुआत उन्होंने अपने एक रेस्तरां से की है। गौरी खान ने मुंबई के पॉश इलाके बांद्रा में अपना एक लग्जरी रेस्तरां खोला है, जिसकी चर्चा पिछले कुछ समय से हो रही है। इस रेस्तरां का नाम है तोर । अब गौरी ने इंस्टाग्राम पर एक तोरी की एक झलक शेयर की है, जिसमें इस लग्जरी रेस्तरां का एक-एक कोना दिखाया है। वीडियो की शुरुआत रेड एंड गोल्डन डेकोरे और अट्रैक्टिव लाइट्स के साथ होती है। रेड एंड ग्रीन टेबल टॉप से लेकर इंटरेस्टिंग लाइट फिक्सर वाली शाइनी लो सिलिंग और फ्लोर टू सिलिंग ग्लास डोर और विंडो तक एक आलीशान नजारा देखने को मिलता है।इसके अलावा गौरी ने इस वीडियो को शेयर करते हुए रेस्तरां के नाम का मतलब भी बताया है। वीडियो में गौरी बताती है कि, तोरी का अर्थ है ठमंदिर का प्रवेश द्वार। इतना ही नहीं उन्होंने तोरी में यूज किए पेंट कलर्स को लेकर भी खुलासा किया है। गैरी ने अपने रेस्टोरेंट में रेड और ग्रीन कलर को ज्यादा यूज किया गया है। उन्होंने कहा है कि ये एक एयरी और कोजी माहौल बनाते है।



# क्या होते हैं मल्टीप्लेक्स और सिंगल स्क्रीन सिनेमा एक-दूसरे से कैसे हैं अलग पढ़िए हर एक डिटेल्स

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा का इतिहास काफी पुराना है। आधुनिक युग में बदलते वक्त के साथ सिनेमा जगत के संसाधनों में भी कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। उदाहरण के तौर पर 3 घंटे की जगह 2 घंटे की फिल्में बनने लगीं, ब्लैक एंड व्हाइट से कलर मूवीज का दौरा आया और सिनेमाघरों के साथ-साथ ओटीटी का भी चलन शुरू हो गया। बात जब सिनेमा हॉल की जाए तो इसको लेकर भी कई मत हैं, क्योंकि सिनेमा शब्द सिर्फ छोटे-मोटे दायरे में कब और कहां कवर हुआ है।बदलते समय के साथ सिनेमा जगत में भी कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों के बाद कलर फिल्मों का जमाना आया सिंगल स्क्रीन सिनेमाघर के बाद एक से अधिक स्क्रीन वाले मल्टीप्लेक्स बन गए। इस लेख में हम आपको बताने रही है। इनको लेकर लोगों में काफी कन्फ्यूजन है। ऐसे में दर्शकों को इसी भ्रम को दूर करने के लिए हम आपको




जा रहे हैं कि सिंगल स्क्रीन और मल्टीप्लेक्स थिएटर्स क्या होते हैं और ये एक दूसरे से कैसे अलग होते हैं।इस लेख में सिंगल स्क्रीन थिएटर्स और मल्टीप्लेक्स सिनेमाघरों को लेकर बात की जा बताएंगे की सिंगल स्क्रीन और मल्टीप्लेक्स सिनेमा हॉल में क्या बड़ा अंतर होता है।एकल स्क्रीन होने की वजह से इन्हें सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल कहा जाता है।

# अर्जुन कपूर से लेकर अनन्या पांडे तक इन सितारों ने कपल की शादी में लगाए चार-चांद

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** गोवा की खूबसूरत वादियों के बीच बॉलीवुड की फेमस जोड़ी रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने एक भव्य शादी पर शेयर की । वहीं अब धीरे-धीरे सोशल मीडिया पर शादी की इनसाइड फोटोज भी सामने आ रही है।परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में रकुल और जैकी ने



समारोह के साथ अपने प्यार के सफर की नई शुरुआत की।रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनाना ने एक-दूसरे को अपना जीवन साथी बना लिया है । देर रात कपल ने अपनी शादी की फोटोज इंस्टाग्राम सात जन्म साथ रहने के वचन लिए। देर रात कपल ने अपनी शादी की फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की। वहीं अब धीरे-धीरे सोशल मीडिया पर शादी की इनसाइड फोटोज भी सामने आ रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।